## खबर संक्षेप

### टोला में उपार्जन केन्द्र बनाए जाने की मांग

**उमरियापान।** ढीमरखेड़ा तहसील क्षेत्र की सहकारी समिति देवरीमंगेला के अन्तर्गत टोला क्रमांक 2 में गेहूं उपार्जन केन्द्र बनाये जाने की मांग भारतीय किसान संघ ने कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर की है। किसानों ने बताया कि पूर्व में टोला में गेहूं उपार्जन केन्द्र बनाया गया था। इससे उन्हें सुविधा मिली थी। लेकिन इस वर्ष यहाँ उपार्जन केन्द्र नहीं बनाया गया। जिससे किसानों को परेशान होना पडेगा। जिस पर कलेक्टर ने टोला केन्द्र क्रमांक 2 बनाये जाने का आश्वासन दिया है। इस दौरान भारतीय किसान संघ जिला अध्यक्ष बिहारी लाल निगम, जिला मंत्री राजेन्द्र प्रसाद पटेल, तहसील मंत्री बसंत मिश्रा, सतीश चौबे सहित किसान उपस्थित रहे।

### फरार आरोपितों की गिरफ्तारी के लिए ईनाम

**कटनी।** हत्या के प्रयास के मामले में लंबे समय से फरार चल रहे गब्बर और सिराज की गिरफ्तारी के लिए पुलिस अधीक्षक अभिजीत कुमार रंजन ने 5-5 हजार नगद इनाम की घोषणा की है। पुलिस सूत्रों से प्राप्त जानकारी के मुताबिक कोतवाली थाना क्षेत्र में दर्ज अपराध धारा 307, 341, 294, 506, 427 आईपीसी की अंतर्गत आरोपी सिराज पिता शेख इस्लाम उम्र 30 वर्ष एवं गब्बर उर्फ गुलाब गौस पिता शेख इस्लाम उम्र 25 वर्ष दोनों निवासी झर्रा टिकुरिया भारत चौक जिला कटनी उक्त अपराध में वांछनीय है। उक्त आरोपियों की गिरफ्तारी हेतु हर संभव प्रयास किए गए, किंतु अभी तक आरोपियों का कोई पता सुराग नहीं लगा है। उक्त प्रकरण की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक अभिजीत कुमार रंजन द्वारा आरोपियों की गिरफ्तारी हेतु पांच हजार रुपए नगद इनाम की घोषणा की गई है। आरोपियों की सूचना देने वाले व्यक्ति का नाम गोपनीय रखा जावेगा।

### खेल मैदान समतलीकरण का किया निरीक्षण



**बरही।** शासकीय महाविद्यालय में खेल मैदान समतलीकरण और एडीटोरियम हेतु सहयोग की मांग की थी उसके बाद क्षेत्रीय विधायक संजय सत्येंद्र पाठक को एसोसिएशन ने पत्र द्वारा प्रबधन से सहयोग की मांग की थी। विधायक पाठक ने त्वरित कार्यवाही कर सेल प्रबंधन को सीएसआर से अलुमिनाई एसोसिएशन के अध्यक्ष कैलाश कचेर की मांग पर खेल मैदान के स्मतलीकरण कराने निर्देशित किया अब महाविद्यालय में खेल मैदान का समतलीकरण कार्य प्रगति पर है जिसका अवलोकन कर अलुमिनाई एसोसिएशन सहित महाविद्यालय परिवार छात्र छात्राओं ने विधायक का आभार व्यक्त किया है।

### मत प्रतिशत एवं कम्यूनिकेशन प्लान का प्रशिक्षण 30 को

**कटनी।** लोकसभा निर्वाचन 2024 में मतदान दिवस पर मत प्रतिशत की प्रति दो - दो घंटे की एकजाई जानकारी प्राप्त करनें हेतु मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय द्वारा पीठासीन अधिकारियों के लिए तैयार मत प्रतिशत मोबाईल एप का प्रशिक्षण कार्यालय कलेक्ट्रेट स्थित नवीन सभाकक्ष में शनिवार 30 मार्च को प्रातः 11 बजे से आयोजित किया गयो है। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी एवं नोडल अधिकारी कम्यूनिकेशन प्लान श्री शिशिर गेमावत ने नोडल अधिकारी प्रशिक्षण को समस्त मास्टर ट्रेनरों, समस्त अनुविभागीय अधिकारी राजस्व को विधानसभा स्तरीय आई.टी टीम तथा विधानसभा स्तर पर एप के संचालन हेतु कम्यूनिकेशन सह कंट्रोल रूम टीम को कार्यालय कलेक्ट्रेट स्थित नवीन सभाकक्ष में आयोजित प्रशिक्षण में निर्धारित तिथि एवं समय पर उपस्थित रहनें के निर्देश दिए है।

## संभायुक्त और आई.जी ने मतगणना स्थल का किया निरीक्षण, दिये निर्देश

# मतगणना स्थल व स्ट्रांग रूम का निरीक्षण कर चाक चौबंद व्यवस्थाएं रखने दिये निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

लोकसभा निर्वाचन 2024 की तैयारियों के मद्देनजर संभागायुक्त अभय वर्मा और पुलिस महानिरीक्षक जबलपुर अनिल सिंह कुशवाह गुरुवार को कृषि उपज मंडी पहरुआ में मतगणना स्थल और वहां के स्ट्रांग रूम एवं परिसर का निरीक्षण किया। यहां उन्होने स्ट्रांग रूम में लगाये गए सी.सी.टी.व्ही कैमरों से हो रही सतत निगरानी व्यवस्था पर संतोष व्यक्त किया। साथ ही उन्होंने यहां मतगणना से संबंधित सभी जरूरी आवश्यक व्यवस्थाओं का जायजा लिया तथा व्यवस्थांए निर्धारित समयावधि में पूर्ण कराने के निर्देश दिए। इस दौरान कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अवि प्रसाद, पुलिस अधीक्षक अभिजीत कुमार रंजन मौजूद रहे।

संभागायुक्त श्री वर्मा द्वारा कृषि उपज मंडी परिसर में बनने वाले मतगणना स्थल,





सामग्री वितरण एवं जमा स्थल सहित लोकसभा चुनाव से संबंधित अन्य व्यवस्थाओं का जायजा लेकर व्यवस्थाएं चाक -चौबंद रखने के निर्देश दिए। ग्रीष्मकाल मे होने वाले लोकसभा चुनाव को ध्यान मे रखते हुए साफ- सफाई सहित पेयजल की समुचित व्यवस्थाओं पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती साधना परस्ते, एस.डी.एम कटनी प्रदीप कुमार मिश्रा, एस.डी.एम बहोरीबंद राकेश कुमार चौरसिया, एडिशनल एस.पी संतोष डेहरिया, नगर पुलिस अधीक्षक ख्याति मिश्रा, कार्यपालन यंत्री लोक निर्माण विभाग शारदा सिंह, निगमायुक्त विनोद कुमार शुक्ला, उपायुक्त पवन अहिरवार, राजस्व अधिकारी जागेश्वर पाठक सहित नगर निगम राजस्व एवं पुलिस विभाग के अधिकारियों कर्मचारियों की मौजूदगी रही।

## मतदान प्रतिशत बढ़ाने विभिन्न माध्यमों से जागरूक करने निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

जिला पंचायत के सी.ई.ओ एवं नोडल अधिकारी स्वीप शिशिर गेमावत द्वारा लोक सभा निर्वाचन 2024 में मतदान प्रतिशत बढाने के उददेश्य से विभागीय अधिकारियों को अपने अधीनस्थ, कार्यक्षेत्र कार्यालय अंतर्गत कार्य स्थलों में फलैक्स एवं बैनर के माध्यम से मतदाताओं को जागरूक करने हेतु प्रचार-प्रसार किये जाने हेतु निर्देशित किया गया है।

नोडल अधिकारी स्वीप शिशिर गेमावत नें जिला पंजीयक अधिकारी, महाप्रबंधक जिला उद्योग एवं व्यापार, जिला खाद्य एवं आपूर्ति अधिकारी, क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी, जिला प्रबंधक मध्यप्रदेश वेयरहाउसिंग कार्पोरेशन तथा समस्ते लीड बैंक मैनेजर एस.बी.आई झिझरी को अपने कार्य स्थलों में मतदाता जागयकता संबंधी फलैक्स, बैनर एवं स्टीकर लगाने हेतु तथा पालन प्रतिवेदन से अवगत कराने के निर्देश दिए है।

### निर्वाचन कार्य में अनुपस्थित रहने पर नोटिस

**कटनी।** लोकसभा निर्वाचन 2024 अंतर्गत कम्यूकेशन प्लान संबंधी कार्यों के सुचारू संपादन हेतु नोडल अधिकारी एवं सहायक नोडल अधिकारी के मार्गदर्शन में संलग्न एमपीईबी के डाटा एंट्री ऑपरेटर रवि कुमार द्वारा सौंपे गए दायित्वों का निर्वहन नही किये जाने व कर्तव्य से अनुपस्थित रहने के कृत्य को कदाचरण की श्रेणी में मानते हुए कारण बताओ सूचना पत्र जारी किया गया है। जारी नोटिस का सकारण जवाब दो कार्यालयीन दिवस में समक्ष ने उपस्थित होकर प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए है। जबाव समाधान कारक न होने की दशा में संबंधित के विरूद्ध एकपक्षीय कार्यवाही की जावेगी।

### जिला स्तरीय निर्वाचन कंट्रोल रूम स्थापित

**कटनी।** अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती साधना परस्ते द्वारा निर्वाचन संबंधी विभिन्न प्रकार की गतिविधियों के सुचारू संचालन हेतु जिला स्तरीय निर्वाचन कंट्रोल रूम स्थापित कर नोडल अधिकारी प्रमोद कुमार चतुर्वेदी डिप्टी कलेक्टर को नियुक्त किया गया है।

**कलेक्टर कर रहे रेफरल मामलों की सतत समीक्षा**

## 7 ब्लाकों में की गई खतरे वाली गर्भवती महिलाओं की जांच, तीन को किया रेफर

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

कलेक्टर अवि प्रसाद के निर्देशानुसार प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व योजना के अंतर्गत जिले में माह की 9 एवं 25 तारीखों को निजी एवं शासकीय महिला चिकित्सकों का कैलेण्डर प्रेषित कर खतरे वाली गर्भवती माताओं की जांच की जा रही है।

इसी कड़ी में षासन द्वारा मातृत्व सुरक्षा हेतु किये जा रहे प्रयासों के तहत गुरुवार को जिले के समस्त विकास खण्डों के शासकीय एवं निजी चिकित्सकों द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों में खतरे वाली गर्भवती माताओं की जांच की गई।

### 154 गर्भवती माताओं की जांच

प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व योजना के अंतर्गत ब्लॉक बड़वारा, पान उमरिया, रीठी, बहोरीबंद, पहाडी, बरही एवं विजयराघवगढ़ में शासकीय एवं निजी चिकित्सकों द्वरा कुल 154 गर्भवती मताओं की जांच के दौरान 51 खतरे वाली गर्भवती मताओं में से 3 खतरें वाली माताओं को उपचार हेतु जिला चिकित्सालय रिफर करने की कार्यवाही की गई।



कलेक्टर अवि प्रसाद प्रसव के मामले सहित प्रसव के रेफरल प्रकरणों की सतत समीक्षा करते है। उनके स्पष्ट निर्देश है कि गर्भवती की नियमानुसार पूरी जांच की जाए और उनके स्वास्थ्य का नियमित परीक्षण हो। इस मामले में लापरवाही बरतने वालों के विरूद्ध कार्यवाही भी की जाती है।

## नारी शक्ति फिटनेस दौड़ प्रतियोगिता का आयोजन



नेहरू युवा केंद्र कटनी के तत्वाधान में ब्लॉक कटनी, बड़वारा एवं ढीमरखेड़ा विकासखण्ड में "नारी शक्ति फिटनेस दौड़ प्रतियोगिता" का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन विकासखण्ड कटनी में बरगवा, विकासखण्ड ढीमरखेड़ा में शासकीय महाविद्यालय उमरिया पान, एवं विकासखण्ड बड़वारा में शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक शाला बड़वारा में किया गया। प्रतियोगिता में 14 वर्ष से 29 वर्ष के युवतियो द्वारा उत्साह पूर्वक भाग लिया गया। नेहरू युवा केंद्र कटनी द्वारा नारी–शक्ति को नई सोच, नया जोश में बल देने एवम स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहने के उद्देश्य से इस कार्यक्रम का आयोजन करवाया गया। इस प्रतियोगिता में युवतियों की दौड़ 400 मीटर रखी गई । प्रतियोगिताओं में प्रथम, द्वितीय व तृतीय आने वाले विजेताओं को मौजूदा उपस्थित अधिकारी के द्वारा पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।

## अधिकारी, कर्मचारियों ने मनाई होली

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

पुलिस लाइन में पुलिस परिवार की होली का कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत पुलिस अधीक्षक अभिजीत कुमार रंजन द्वारा छात्रावास के बच्चों को गुलाल एवं अबीर लगाकर की गई। जिला कलेक्टर अवि प्रसाद ने भी बच्चों के साथ होली खेली। आरक्षक से लेकर सभी अधिकारियों ने जिला पुलिस कप्तान को तिलक लगाया व मार्गदर्शन प्राप्त किया।

### टीम भावना से करें काम

परंपरागत रंगों से सराबोर होकर कटनी पुलिस के अधिकारियों एवं जवानों ने एक दूसरे को रंग लगाकर संगीत की धुन पर नृत्य किया एवं व्यंजनों का लुफ्त उठाया। पुलिस अधीक्षक अभिजीत कुमार रंजन ने कहा होली का त्योहार आपसी



भाईचारे प्रेम को बढ़ावा देने के लिए है। कटनी पुलिस का प्रत्येक सदस्य मिलकर टीम भावना से काम करें। एवं पुलिस की गौरवशाली परंपरा का अनुपालन करें। पुलिस लाइन में आयोजित हुए पुलिस परिवार की होली में जिला पंचायत सीईओ शिशिर गेमावत ने भी हिस्सा लिया।

अवसर पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉक्टर संतोष डेहरिया, नगरपुलिस अधीक्षक श्रीमती ख्याति मिश्रा, एसडीओपी स्लीमनाबाद अखिलेश गौर, एसडीओपी विजयराघवगढ़ कृष्ण पाल सिंह, रक्षित निरीक्षक श्रीमती संध्या राजपूत, कोतवाली प्रभारी आशीष शर्मा, कुठला प्रभारी अभिषेक चौबे, यातायात प्रभारी राहुल पांडे, स्लीमनाबाद थाना प्रभारी अखिलेश दहिया सहित सभी थानों एवं चौकिया के प्रभारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

**स्वीप गतिविधियों के तहत आयोजित की जा रही विविध गतिविधियां**

## पोस्टर प्रतियोगिता से शत प्रतिशत मतदान के लिए किया गया जागरूक

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

शासकीय महाविद्यालय बरही मे संचालित राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा स्वीप अभियान के तहत प्राचार्य प्रो. आर. के. त्रिपाठी के मार्गदर्शन, कार्यक्रम अधिकारी एवं स्वीप प्रभारी डॉ. अरविंद सिंह के नेतृत्व मे विभिन्न जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। स्वीप गतिविधियों के अंतर्गत डॉ. सुनीता सिंह के संयोजकत्व में पोस्टर (चित्रकला) प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें महाविद्यालय में अध्ययनरत विद्यार्थियों द्वारा बढ़- चढ़कर सहभागिता की ।

कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने पोस्टर में विभिन्न प्रकार के चित्रों एवं



स्लोगन के माध्यम से मतदान के महत्व पर प्रकाश डालते हुए लोगों को आगामी लोकसभा चुनाव में मतदान करने के लिए प्रेरित करने के लिए अपने अपने भाव प्रकट किये। स्वीप प्रभारी डॉ. अरविंद सिंह ने बताया कि स्वीप गतिविधियों के अंतर्गत आयोजित हो रहे विभिन्न कार्यक्रमों का मुख्य उद्देश्य भावी, युवा एवं सभी मतदाताओं को मतदान के प्रति जागरूक करने के साथ मतदान का महत्व बताना एवं आगामी लोकसभा चुनावों में लोगों को अधिक से अधिक संख्या में मतदान केंद्रों तक पहुंचकर अपने मत देने के अधिकार का प्रयोग कर शत प्रतिशत मतदान के लक्ष्य को प्राप्त करने हेतु जागरूक करना है। प्राचार्य प्रो. आर. के. त्रिपाठी ने कहा कि आज देश को सशक्त बनाने के लिए जाति, धर्म, लिंग से ऊपर उठकर मतदान करने की आवश्यकता है साथ ही लोकतंत्र के इस सबसे बड़े महापर्व में सहभागिता करते हुए सभी को आगामी लोकसभा चुनाव में मतदान करने के लिए प्रेरित किया।

कार्यक्रम में प्राचार्य प्रो. आर. के. त्रिपाठी, स्वीप प्रभारी डॉ अरविन्द सिंह, प्रियंका तोमर, डॉ. रश्मि त्रिपाठी, डॉ. सुनीता सिंह, डॉ. के. के. निगम, डॉ. आर. जी. सिंह, डॉ. के. के. विश्वकर्मा, डॉ. मंजुलता साहू, डॉ. राकेश दुबे, डॉ. नीलम चतुर्वेदी आदि की उपस्थिति रही।

**जिला स्तरीय मीडिया प्रमाणीकरण एंड मीडिया कमेटी का प्रशिक्षण**

## रिटर्निंग ऑफीसर जारी करेंगे नोटिस, 48 घंटे में देना होगा जवाब

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

केबल टेलीविजन रेगुलेशन एक्ट 1995 के सेक्शन 6 में दिये गये प्रावधानों के अनुसार अभ्यर्थी अथवा उनका एजेन्ट या कोई भी व्यक्ति केवल नेटवर्क के द्वारा किसी भी ऐसे विज्ञापन का प्रसारण या पुनः प्रसारण नहीं कर सकेंगे, जो निर्धारित विज्ञापन कोड का पालन नहीं करते हो। केबल टेलीबिजन नेटवर्क रेगुलेशन नियम 1994 के नियम 7 के उप नियम 3 के अनुसार कोई विज्ञापन जिसकी विषयवस्तु मुख्य रूप से धार्मिक या राजनैतिक प्रकृति की हो और जो धार्मिक या राजनीति की ओर प्रेरित हो, ऐसे विज्ञापन के प्रसारण की अनुमति नहीं दी जायेगी।

यह जानकारी गुरूवार को जिला स्तरीय मीडिया मॉनीटरिंग एवं मीडिया सर्टिफिकेशन समिति के सदस्यों एवं अधिकारियों को प्रशिक्षण के दौरान दी गई। प्रशिक्षण राज्य स्तरीय मास्टर ट्रेनर्स आलोक पाठक और राकेश बारी ने दिया। इस दौरान संयुक्त कलेक्टर संस्कृति शर्मा, जिला जनसम्पर्क अधिकारी मनोज श्रीवास्तव सहित परियोजना अधिकारी जिला पंचायत मृगेन्द्र सिंह मौजूद रहे। लोकसभा क्षेत्र खजुराहों एवं शहडोल हेतु चार विधानसभा सीटों पर होने वाले लोकसभा निर्वाचन के संदर्भ में जिला स्तरीय समिति का गठन किया जा चुका है। प्रदेश स्तर की कमेटी सीईओ की अध्यक्षता में भोपाल में और राष्ट्रीय स्तर की समिति का गठन नई दिल्ली में किया गया है। दिल्ली में गठित समिति सभी पंजीकृत राजनैतिक दलों, संगठनों लोंगो के सह संस्थाओं के आवेदन स्वीकार करेगी।

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अवि प्रसाद के निर्देशन में आयोजित जिलास्तरीय मीडिया प्रमाणीकरण एंड मीडिया कमेटी एवं पेड न्यूज में संलग्न अधिकारियों व कर्मचारियों को बताया गया कि स्थानीय स्तर पर मीडिया मॉनीटरिंग एवं मीडिया सर्टिफिकेशन कमेटी से प्रत्याशियों द्वारा मांग करने पर उनके द्वारा प्रसारित कराये जाने वाले विज्ञापनों के लिए सर्टिफिकेशन करेंगी। सम्बन्धित प्रत्याशी अथवा उनका अभिकर्ता को एम.सी.एम.सी. कमेटी को सर्टिफिकेशन के लिए विज्ञापन या कार्यक्रम की मैन्युसक्रिप्ट हस्तलिखित या टायपिंग की गई 2 प्रति में स्व-प्रमाणित कर निर्धारित प्रारूप में प्रस्तुत करना होगी। न्यूज चौनल स्थानीय केबल एवं प्रिंट मीडिया प्रत्यार्शियों के बगैर सर्टिफिकेशन के विज्ञापन प्रसारित नहीं करेंगे।

यह समिति चुनाव पर खड़े प्रत्यार्शियों द्वारा जारी किये गए समाचारों, विज्ञापनों अथवा मतदाताओं को अपने पक्ष में प्रेरित करने के लिए छपवाई गई खबरों को पेड न्यूज के दायरे में लेकर कार्यवाही कर रही है। बगैर सर्टिफिकेशन कराये कोई भी प्रत्यार्शी इलेक्ट्रॉनिक चौनलां पर विज्ञापन आदि प्रदर्शित कराते है तो उन्हें रिटर्निंग ऑफीसर प्रत्याशी को नोटिस जारी करेगें। नोटिस की प्रति व्यय प्रेक्षक को भी भेजी जायेगी। नोटिस का जबाव प्रत्याशी को 48 घण्टे के अन्दर आर.ओ को देना होगा। प्रत्याशी द्वारा आर.ओ. को दिये गये जबाव की प्रति एम.सी.एम.सी को भेजेंगे ताकि एम.सी.एम.सी प्रत्याशी के खर्च को चुनावी व्यय में जोड़ सके।

प्रत्याशी जिला एम.सी एम.सी के निर्णय के विरूद्ध 48 घन्टे में राज्य स्तरीय समिति के समक्ष अपील कर सकता है। जिसकी प्रति प्रत्याशी को जिला स्तरीय कमेटी को भी देना होगी। राज्य स्तरीय समिति 96 घन्टे में प्रत्याशी की अपील पर विचार कर निर्णय से प्रत्याशी और जिला स्तरीय एम.सी एम.सी समिति को अवगत करायेंगी। प्रत्याशी राज्य स्तरीय समिति के निर्णय के विरूद्ध 48 घन्टे में भारत निर्वाचन आयोग के समक्ष अपील कर सकता है। भारत निर्वाचन आयोग का निर्णय अन्तिम होगा।

एम.सी.एम.सी सभी प्रकार के प्रिंट मीडिया के विज्ञापन की मॉनीटरिंग करेगी। चुनाव से संबंधित सभी पेम्पलेट, पोस्टर, हैंडविल्स तथा अन्य सामग्री का प्रकाशन पर उस पर प्रकाशक व मुद्रक का नाम प्रिंट होना आवश्यक है। ऐसा न होने पर संबंधित के विरूद्ध कार्यवाही की जा सकेगी।

## प्राचार्यो एवं संचालकों को निर्देश, कल तक देनी होगी जानकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

आयुक्त, लोक शिक्षण के निर्देशानुसार जिला शिक्षा अधिकारी पृथ्वीपाल सिंह ने एक आदेश जारी कर जिले के समस्त समस्त अशासकीय मान्यता, सम्बद्धता प्राप्त विद्यालय माध्यमिक शिक्षा मंडल, सी.बी.एस.ई., आईसीएससी एवं अन्य बोर्ड के प्राचार्य तथा संचालकों को लोक शिक्षण संचालनालय के निर्देशानुसार कार्यवाही करनें हेतु निर्देशित किया है।

डीईओ द्वारा जारी आदेश में प्राचार्यो एवं संचालकों को विद्यालय की सामान्य जानकारी निर्धारित वेबसाईट में अपडेट करने तथा विद्यालय द्वारा शैक्षणिक सत्र 2023-24 के लिये नियत की गई फीस संरचना कक्षावार एवं संवर्गवार विभिन्न मदों की जानकारी तथा विगत तीन वर्षों के संपरीक्षित लेखों चिट्ठा प्राप्ति एवं भुगतान पत्रक, आय-व्यय शेड्यूल सहित अंकेक्षण प्रतिवेदन की जानकारी पोर्टल पर अपलोड कर सत्यापित जानकारी उपलब्ध कराने के निर्देश दिए है। जारी आदेश में स्कूल संचालकों एवं प्राचार्यो को निर्धारित प्रविष्टियां करने के उपरांत विद्यालयों को निर्धारित प्रक्रिया फीस लोक शिक्षण संचालनालय, म.प्र. भोपाल के आदेश के अनुक्रम में संलग्न परिशिष्ट-01 अनुसार ऑनालाई जमा करनें हेतु निर्देशित किया गया है। इसके अतिरिक्त संबंधित विषयों का विनियमन नियम के पालन में समस्त निजी विद्यालयों द्वारा संबंधित विषयों के विनियमन हेतु प्रारूप-छः अनुसार 100 रूपये के गैर न्यायिक स्टाम्प पेपर पर आवश्यक वचन पत्र अपलोड करने के उपरांत सत्यापित जानकारी 30 मार्च के पूर्व उपलब्ध करानें हेतु निर्देशित किया गया है।

## खबर संक्षेप



### सिलौड़ी में मुनियों की भव्य आगवानी हुई

**सिलौड़ी।** सिलौड़ी में पूज्य निर्यापक श्रमण मुनिश्री योग सागर महाराज, पूज्य निर्णायक श्रमण मुनिश्री समता सागर महाराज ससंघ की मंगल एवं भव्य आगवानी हुई। कछार गांव में तीन दिवस के प्रवास के बाद बधुवार को सुबह कछार गांव बड़ा से विहार के बाद सिलौड़ी में मुनि संघ का आगमन हुआ। निर्यापक मुनिश्री योग सागर ने प्रवचन में धर्म का महत्व बताया। साथ ही श्री राम प्रभु के जीवन का अनुसरण करते हुए उनके जैसी ही जीवन जीने का तरीका बताया। युवा पीढ़ी को नशा से दूर रहकर धर्म से जोड़ने का संकल्प दिया। सभी समाज के लोगों को परस्पर प्रेम ,भाई चारे के साथ रहने के महत्व को समझा। प्रवचन के बाद मुनि संघ की आहार चार्य हुई। शाम को 4 बजे मुनि संघ का विहार दशरमन की ओर हो गया।

### अवकाश के दिनों में भी खुलेगा कार्यालय

**कटनी।** निगमायुक्त विनोद कुमार शुक्ल द्वारा 31 मार्च 2024 तक बकाया करदाताओं के लिए निरंतर टैक्स कलेक्शन काउंटर खोले जाने के निर्देश दिये गये हैं। साथ ही नगर निगम द्वारा आम नागरिकों की सुविधा की दृष्टि से शहर के ह्रदय स्थल सुभाष चौक पर भी शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। अब करदाताओं द्वारा बकाया कर जमा न किये जाने की स्थिति में नगर निगम के द्वारा बड़े बकायादारों से वसूली हेतू कुर्की तालाबंदी और बैंक खाता सीज करने की कार्यवाही की जाएगी। राजस्व अधिकारी जागेश्वर प्रसाद पाठक द्वारा जानकारी देते हुये बताया कि वर्तमान वित्तीय वर्ष में राशि जमा न किए जाने पर स्वयं निवास वाले भवनों का संपत्ति कर आगामी वित्तीय वर्ष में राज्य शासन के नए नियम अनुसार दोगुना कर दिया जाएगा टैक्स दोगुना होने के बाद लोक अदालत से भी छूट नहीं मिल सकेगी, इस संबंध में राजस्व विभाग द्वारा लगातार बकायेदारों को कॉल एवं फ्लेक्स होर्डिंग समाचार पत्र सोशल मीडिया के माध्यम से नए नियमों की जानकारी दी जा रही है साथ ही करदाताओं से व्यक्तिगत संपर्क भी किया जा रहा है। निगमायुक्त विनोद कुमार शुक्ल द्वारा शहर के समस्त बकाया करदाताओं से अपील की है कि 31 मार्च 2024 तक बकाया संपत्तिकर जलकर जमा करें एवं दोगुना अधिभार लगने से बचें।

### पंच जल कुंड धाम झिरिया में मनाया गया रंगोत्सव पर्व



**बड़वारा।** पंच जल कुंड धाम झिरिया कमेटी पथवारी के द्वारा बड़े ही हर्षोल्लाष के साथ युवा एवं बुजुर्गों एवं ग्राम सरपंच के सहयोग से होली का त्यौहार बड़े ही धूमधाम से मनाया गया एवं बुजुर्गों का सम्मान जगह जगह पर किया गया। कमेटी के अध्यक्ष गणेश पुरी गोस्वामी, उपाध्यक्ष सुनील कुमार भुमियां एवं ग्राम पंचायत सरपंच श्रीमती पुष्पा अमर राज सिंह की अगवाई में होली मिलन समारोह का कार्यक्रम बहुत ही शांति पूर्ण माहौल में संपन्न हुआ।

### घर में घुसकर युवक पर चाकू से हमला

**कटनी।** माधवनगर थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले अमीरगंज चांदमारी में विगत रात्रि कुछ युवकों ने घर में घुसकर एक युवक से गाली गलौज करते हुए उस पर चाकू से हमला कर दिया। जानकारी के मुताबिक दीपक सिंह गोंड के घर पर गत 26 मार्च की रात चुंगा कोल, पंकज कोल, करण चौधरी आदि उर्फ आदित्य केवट अचानक आ धमके और गाली गलौज करते हुए चाकू से हमला कर दिया। पुलिस ने घायल की शिकायत के आधार पर आरोपियों के खिलाफ धारा 294, 458, 324, 323, 326, 506, 34 ताहि सहित एससी एसटी एक्ट की विभिन्न धाराओं के अंतर्गत प्रकरण दर्ज कर लिया है।

---

### कलेक्टर की दूरदर्शी सोच से व्यापारियों का बढ़ा व्यापार और किसानों को मिलने लगी उपज की वाजिब कीमत

# कारगर निर्णयः करोड़ों का कारोबार, मंडी को लाखों की आमदनी

चाका पुरैनी, गोलबाजार और बिलैया तलैया जैसे शहर के व्यस्ततम क्षेत्रों में लगने वाले फल और सब्जी व्यवसाय को संगठित स्वरूप में पहरूआ स्थित कृषि उपज मण्डी में शिफ्ट करने के प्रणेता और सूत्रधार कलेक्टर अवि प्रसाद की दूरदर्शी सोच का ही यह प्रतिफल रहा की कुछ वर्षों पहले तक निरंतर घाटे में चल रही यहां की कृषि उपज मंडी ने बीते एक साल में रिकॉर्ड 52 लाख रूपए का शुद्ध मुनाफा कमाया है।



हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

मंडी से व्यवसाय शुरू होने का सबसे बड़ा फायदा यह हुआ कि बाहर के व्यापारी यहां आकर स्थानीय किसानों के उत्पाद खरीदते हैं। जिससे उन्हें उनकी उपज की वाजिब कीमत मिल जाती है। मंडी में आनलाइन भुगतान व्यवस्था होने से किसानों को सीधे राशि मिल जाती है।आढ़तियों के बीच प्रतिस्पर्धा का भी सीधा लाभ मुनाफे के स्वरूप में किसानों को मिल रहा है।

व्यवस्थित व्यापार होंने से अस्पताल , छात्रावास, जेल और होटल व्यवसाईयों के अलावा फुटकर विक्रेता, रेहड़ी और ठेलेवालों को भी वाजिब मूल्य पर फल और सब्जियां मिल रही हैं। साथ ही उपभोक्ता को भी गुणवत्तापूर्ण फल और सब्जी उचित मूल्य पर मिलने लगी है। मंडी में पर्याप्त पार्किंग होंने की वज़ह से ट्रांसपोर्टर को उत्पाद लाने और परिवहन कर बाहर भेजने में सुविधा होती है।

#### ट्रैफिक जाम से मुक्ति

पहले फल और सब्जी व्यवसाय शहर के व्यस्ततम क्षेत्रों मे संचालित होने से आये दिन ट्रैफिक जाम के हालात बने रहते थे और दुर्घटनाओं का अंदेशा भी बना रहता था। मंडी में व्यवसाय शिफ्ट होने के बाद जन-जीवन सहज हुआ है।

#### कारोबार का बना रिकार्ड

कलेक्टर श्री प्रसाद ने जब पिछले साल के अप्रैल माह में शहर के अलग-अलग जगहों में फैले सब्जी और फल कारोबार को कृषि उपज मंडी में शिफ्ट कर संचालित करने व्यापारियों को समझाइश देने का प्रयास शुरू किया था।तब किसी ने यह नहीं सोचा था कि शहर के अंचलों में असंगठित स्वरूप का यह व्यवसाय मंडी में शिफ्ट होने के बाद एक दिन आसमान की ऊंचाईयां छुयेगा। बीते एक साल की बात की जाय तो पहरूआ कृषि उपज मंडी से 43 करोड़ 57 लाख रूपए से अधिक का कारोबार हुआ है।जो एक रिकार्ड है।

#### मुनाफे का गणित

बाहर से व्यवसाय होने पर व्यापारी से कृषि उपज मंडी को लायसेंस शुल्क, मंडी शुल्क और प्रवेश शुल्क नहीं मिलता था। वहीं मंडी में फल और सब्जियों का व्यवसाय शिफ्ट होने के बाद से चालू साल फरवरी माह तक के मुनाफे के आंकड़े बेहद दिलचस्प और चौंकाने वाले हैं।

मंडी से व्यवसाय शुरू होने से करीब 350व्यापारियों से लायसेंस शुल्क के रूप में मंडी को साढ़े तीन लाख रूपए की आय एवं मंडी शुल्क के 43 लाख 57 हजार 352 रूपए की आमदनी और प्रवेश शुल्क के तौर पर मंडी को मिले 5 लाख 50 हजार रूपए को मिलाकर कृषि उपज मंडी को रिकार्ड 52 लाख रुपए का मुनाफा हुआ है।

#### 800 लोगों को मिल रहा काम

कृषि उपज मंडी में फ़ल और सब्जी व्यवसाय शिफ्ट होने से रोजगार के अवसर बढ़े हैं। प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष तौर पर इस कारोबार से प्रतिदिन सौ महिलाओं सहित करीब 800 लोगों को काम मिल रहा है। रोजगार में मुख्यतः ट्रांसपोर्टेशन,हम्माल, तुलावाटी, पैकेजिंग , साफ-सफाई आदि के काम मिल रहें हैं।

#### किसानों ने जताया आभार

आढ़त व्यापारियों और किसानों ने कृषि उपज मंडी से फल और सब्जी व्यवसाय शुरू कराने के लिए कलेक्टर श्री प्रसाद के प्रति आभार जताते हुए कहा कि यहां पुरैनी मंडी की तुलना में कारोबार और सुविधाएं सभी बेहतर है। व्यापारी पवन कुमार खटीक बताते हैं कि पुरैनी मंडी की अपेक्षा क़ृषि उपज मंडी से व्यापार करने पर मेरा व्यवसाय बढ़ा है। ग्राम मदनपुरा निवासी किसान विनोद कुमार मौर्य ने बताया कि कृषि उपज मंडी में जगह बहुत है और पुरैनी मंडी की तुलना में यहां व्यापार बढ़ा है।इस नेक पहल के लिए कलेक्टर साहब को धन्यवाद।आढ़ती राज किशोर निषाद ने कृषि उपज मंडी से व्यवसाय शुरू कराने के लिए कलेक्टर को धन्यवाद देते हुए खुशी जाहिर की है।

---

*तत्परतापूर्वक कार्यवाही करने अधिकारियों को दिये दिशा निर्देश*

## मतदान केंद्रों में मूलभूत सुविधाओं में आवश्यक सुधार कर रिपोर्ट करें: सीईओ

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

लोकसभा चुनाव का प्रथम चरण करीब है। निर्वाचन संबंधी कार्यों को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए अत्यंत सावधानी और सजगता के साथ कराएं। मतदान केंद्रों में आवश्यक बुनियादी मूलभूत सुविधाओं जैसे रैंप, शौचालय, मतदान केंद्र पहुंच मार्ग, विद्युत आपूर्ति,पेयजल, साफ सफाई और आदर्श आचार संहिता का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित कराएं। इस आशय के निर्देश जिला पंचायत के सीईओ शिशिर गेमावत ने गुरुवार को कलेक्ट्रेट स्थित सभाकक्ष में मतदान केंद्रों की वस्तु स्थिति की समीक्षा करते हुए जनपद पंचायतों के सीईओ और अन्य अधिकारियों को दिए।



सीईओ श्री गेमावत ने पीपीटी के माध्यम से सेक्टर सुपरवाइजर द्वारा प्राप्त रिपोर्ट के आधार पर अद्यतन स्थिति की जोन और मतदान केंद्रवार मतदान केंद्रों की जनपद पंचायत के सीईओ से जनपदवार समीक्षा कर जानकारी ली। श्री गेमावत ने निर्देश देते हुए कहा कि एक-एक मतदान केंद्र की प्रॉपर निगरानी करते हुए आवश्यक सुधार कराएं ताकि ऐन वक्त पर अप्रिय या असहज स्थितियों का सामना न करना पड़ेगा।

जिला पंचायत के सीईओ और नोडल अधिकारी स्वीप श्री गेमावत ने मतदाता जागरूकता की गतिविधियों को बढ़ावा देने के निर्देश अधिकारियों को दिए। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में मतदान केंद्र तक मतदाताओं को प्रेरित कर मतदान कराने हेतु हर संभव प्रयास किए जाएं ताकि सशक्त लोकतंत्र के निर्माण में अधिक से अधिक मतदाताओं की सहभागिता हो सके।

इस दौरान ग्रामीण यांत्रिकी सेवा के कार्यपालन यंत्री गौरीशंकर खटीक, परियोजना अधिकारी मनरेगा ऋषि राज चढ़ार, एसबीएम के परियोजना समन्वयक कमलेश सैनी, जनपद पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारी, एपीओ एएओ मनरेगा, सहायक यंत्री अन्य अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

### मानव श्रृंखला व रैली से मतदान के लिए किया जागरूक



आगामी लोकसभा निर्वाचन में मतदाता प्रतिशत में वृद्धि के उद्देश्य से जिला पंचायत के सीईओ एवं स्वीप के नोडल अधिकारी शिशिर गेमावत के निर्देश पर जिले भर में विविध प्रकार की मतदाता जागरूकता की गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। लोकतंत्र को मजबूत करने हर मतदाता को वोट करना आवश्यक है। इसका संदेश देने के लिए विकासखंड ढीमरखेड़ा में महिला एवं बाल विकास विभाग के नेतृत्व में आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं द्वारा मानव श्रृंखला बनाकर और पिंक रैली निकाल कर मतदान किए जाने का संदेश दिया गया। अनुविभागीय अधिकारी राजस्व ढीमरखेड़ा विंकी सिंहमारे उईके ने जनपद पंचायत के सीईओ यजुवेंद्र कोरी की मौजूदगी में रैली को मतदाता शपथ दिलाई। जिलेभर में नुक्कड़ नाटक, रंगोली, दीवार लेखन के द्वारा भी मतदाता जागरूकता की गतिविधियों की गई।

---

## रूपयों के लेन देन को लेकर युवक पर चाकू से किया कातिलाना हमला

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

कोतवाली थाना क्षेत्र के अंतर्गत गांधीगंज में गत रात्रि चाकू बाजी की घटना सामने आई है। हथियारों से लैस कुछ युवकों ने 27 मार्च की देर रात लगभग 9:30 बजे तीन युवकों को घेर कर हमला कर दिया। मारपीट करते हुए युवकों ने एक युवक के पेट में चाकू घोंप दिया जबकि दूसरे के सर पर बोतल मारकर उसका सिर फोड़ दिया। घटना के बाद घायल युवकों को इलाज के लिए शासकीय जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां से प्राथमिक उपचार के बाद चाकू बाजी का शिकार हुए युवक को सघन उपचार के लिए जबलपुर रेफर कर दिया गया।



स्थानीय लोगों ने बताया कि गांधीगंज रावत गली निवासी 19 वर्षीय साहिल पिता नरोत्तम निषाद अपने साथी आशीष सोंधिया व एक अन्य युवक के साथ रात लगभग 9:30 बजे घर लौट रहा था। इसी दौरान ऋतिक निषाद, विक्की कुशवाहा, वासु चौरसिया एवं भालू चौरसिया ने रूपयों के लेनदेन को लेकर उन्हें रास्ते में रोक कर विवाद शुरू कर दिया। मारपीट करते हुए उक्त युवकों ने साहिल के पेट में चाकू मार दी। जबकि आशीष के सर पर बोतल मार कर उसका सिर फोड़ दिया। घटना के बाद दोनों को घायल अवस्था में शासकीय जिला अस्पताल पहुंचाया गया। जहां से प्राथमिक उपचार के बाद साहिल की गंभीर अवस्था को देखते हुए उसे जबलपुर रेफर कर दिया गया। पुलिस ने घायलों की शिकायत के आधार पर आरोपी युवकों के खिलाफ धारा 294, 323, 307, 34 ताहिं के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर लिया है।

---

*हर आपात स्थिति के लिए रहें मुस्तैद, रखें पुख्ता तैयारियां*

## लोकसभा निर्वाचन के दौरान कम्युनिकेशन प्लान की व्यवस्थाएं चाक चौबंद, दुरुस्त रखें

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

आगामी लोकसभा निर्वाचन 2024 के मतदान दिवसों के पूर्व कम्युनिकेशन प्लान एडॉप्ट करने के लिए की गई तैयारी और प्लान दो दिवस के अंदर प्रस्तुत करें। लोकसभा निर्वाचन के पूर्व कम्युनिकेशन प्लान की समस्त तैयारियां चाक चौबंद एवं दुरुस्त रखें। किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए पुख्ता प्लान और व्यवस्थाएं रखें। इस आशय के निर्देश जिला पंचायत के सीईओ एवं कम्युनिकेशन प्लान के नोडल अधिकारी श्री शिशिर गेमावत ने गुरुवार को कम्युनिकेशन प्लान की बैठक की अध्यक्षता करते हुए टेलीकॉम सर्विस कंपनियों के प्रतिनिधियों और ई-गवर्नेंस के अधिकारियों से कहीं। इस दौरान कम्युनिकेशन प्लान के सहायक नोडल अधिकारी सौरभ नामदेव ने भी उपस्थित टेलीकॉम सर्विस के प्रतिनिधियों से चर्चा की। आयोजित बैठक में जिला पंचायत सीईओ श्री गेमावत ने टेलीकॉम सर्विस के प्रतिनिधियों और ई गवर्नेंस के अधिकारियों कर्मचारियों से लोकसभा निर्वाचन के पूर्व की जा रही व्यवस्थाओं ,आवश्यक प्रक्रियाओं और तैयारियों के संबंध में विस्तार से संवाद कर जानकारी ली। उन्होंने निर्देशित करते हुए कहा कि किसी भी प्रकार की असुविधा या कठिनाई आने के संबंध में आवश्यक रूप से अवगत कराएं, किंतु निर्वाचन के पूर्व एवं दौरान कम्युनिकेशन प्लान सफलतापूर्वक क्रियान्वित होना चाहिए।




बैठक में ई गवर्नेंस से सुनील त्रिपाठी वरिष्ठ प्रशिक्षक, हेमंत चतुर्वेदी सहायक प्रबंधक, वोडाफोन और आइडिया से सोनेलाल अहारे, बीएसएनएल से मंडल अभियंता उमेश नामदेव, रिलायंस इंडस्ट्रीज नेटवर्किंग से तौफीक कुरैशी और एयरटेल से राजेश तिवारी आदि टेलीकॉम सर्विस के प्रतिनिधियों की उपस्थिति रही।

---

### रजत जयंती पर निकली शोभायात्रा के माध्यम से दिया संदेश

## चित्र में नहीं चरित्र में बसता है ईश्वर, आत्मा को बनाये मंदिर





हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

इंसान के लिए दो ही चीज खास है ईश्वर का डर और ईश्वर का दर। ईश्वर का डर रहेगा तो इंसान गुनाहों से बचता रहेगा ईश्वर का दर रहेगा तो उसकी कृपा बरसती रहेगी ईश्वर चित्र में नहीं चरित्र में बसता है इसलिए अपनी आत्मा को मंदिर बनाइये।उक्त आशय का संदेश सिविल लाइन स्थित प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय सिविल लाइन की रजत जयंती के शुभारंभ अवसर पर निकाली गई शोभायात्रा के दौरान तख्ती पर लिखकर लोगों को यह संदेश दिया गया।

इलाहाबाद से पधारी धार्मिक प्रभाग की राष्ट्रीय अध्यक्ष राजयोगिनी ब्रह्माकुमारी मनोरमा दीदी का कटनी आगमन पर सभी भाई बहनों की ओर से छत्तीसगढ़ी डांस के द्वारा उनका स्वागत किया गया। इसके साथ ही जोधपुर से पधारे महामंडलेश्वर डॉक्टर स्वामी शिव स्वरूपानंद सरस्वती जी का आगमन भी राजयोग सेवा केंद्र पर हुआ उनका भी भव्य स्वागत ब्रह्माकुमारी भाई बहनों के द्वारा किया गया। तत्पश्चात शोभा यात्रा का शुभारंभ सिविल लाइन ब्रह्माकुमारी आश्रम से प्रारंभ होकर गणेश चौक स्टेशन रोड सराफा मार्केट लक्ष्मी नारायण मंदिर रोड होते हुए गाटरघाट राम मंदिर में समापन हुआ।

शोभा यात्रा में सबसे आगे अश्वरोही शिवध्वज लिए चल रहे थे। रथ में विराजमान जोधपुर से अनंम विभूषित डॉ. स्वामी शिवस्वरूपानंद महाराज, धार्मिक प्रभाग प्रयागराज से अध्यक्ष मनोरमा दीदी, धार्मिक प्रभाग इंदौर जोन से जोन कॉडिनेटर ब्रह्मकुमार नारायण भाई, धार्मिक प्रभाग राजिम छत्तीसगढ़ से सब कॉडिनेटर बीके राजयोगिनी पुष्पा दीदी , रायपुर से महंत विभामुनि, अयोध्या धाम से श्रीवत्स महाराज, लक्ष्मी नारायण मंदिर कटनी से महाराज नीलेश पाठक , सहित दूर से आई महान विभुतियां लक्ष्मी नारायण भगवान शंकर की जीवंत झांकियां और सिर पर कलश धारण कर पीले वस्त्र में महिलाएं बडी संस्था मे सफेद वस्त्र धारी भाई बहन शामिल रही। शोभा यात्रा का जगह-जगह स्वागत किया गया।

---

## अभ्यर्थी व 5 व्यक्ति आरओ कक्ष में कर सकेंगे प्रवेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

**सुबह 11 से दोपहर 3 बजे तक चलेगी प्रक्रिया**

भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार नामांकन भरने पहुंचे अभ्यर्थी के साथ 4 व्यक्ति ही रिटर्निंग अधिकारी के कक्ष में प्रवेश कर सकेंगे। 100 मीटर के अंदर केवल तीन वाहनों को ही प्रवेश की अनुमति दी जाएगी। नामांकन भरने की प्रक्रिया सुबह 11 बजे से शुरू होगी और दोपहर 3 बजे तक चलेगी। 3 बजे के उपरांत कक्ष में किसी भी व्यक्ति को प्रवेश करने अथवा दस्तावेज लाने की अनुमति नहीं दी जाएगी।

अभ्यर्थियों को सभी सुसंगत एवं आवश्यक दस्तावेज जैसे नामांकन फार्म जमानत राशि का प्रमाण, प्रारूप-ए एवं बी, शपथ पत्र आदि के साथ आर ओ कक्ष में आना होगा। यदि अभ्यर्थी उसी निर्वाचन क्षेत्र का निर्वाचक नहीं है, जहां से वह चुनाव लड़ रहा है तो अभ्यर्थी को संबंधित निर्वाचन क्षेत्र की निर्वाचक नामावली की प्रति या निर्वाचक नामावली से संबंधित भाग की प्रमाणित प्रति दाखिल करनी होगी।

एक अभ्यर्थी एक ही निर्वाचन क्षेत्र के लिए 4 नामांकन पत्र दाखिल कर सकता है। इनको एक साथ या पृथक से जमा किया जा सकता है। नामांकन प्रक्रिया की वीडियोग्रॉफी भी कराई जाएगी।

उल्लेखनीय है कि लोकसभा निर्वाचन के दूसरे चरण की अधिसूचना 28 मार्च को जारी होने के साथ ही नाम निर्देशन पत्र दाखिल होना शुरू हो जायेगा। खजुराहो लोकसभा क्षेत्र में जिले के तीन विधानसभा क्षेत्र क्रमशः मुड़वारा, बहोरीबंद और विजयराघवगढ़ शामिल हैं। यहा मतदान 26 अप्रैल को होगा।

## खबर संक्षेप

### उम्मीदवार को देना होगा नये बैंक खाते का विवरण

**पन्ना।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार लोकसभा चुनाव लड़ने के इच्छुक प्रत्याशियों को नया बैंक खाता खुलवाना अनिवार्य होगा। नये बैंक खाते से ही लोकसभा क्षेत्र के प्रत्येक उम्मीदवार निर्वाचन व्यय कर सकेंगे। निर्वाचन आयोग द्वारा लोकसभा निर्वाचन के लिए प्रत्येक उम्मीदवार के लिए अधिकतम 95 लाख रुपए की व्यय सीमा निर्धारित की गई है। मौजूदा या पूर्व के बैंक खातों के जरिए निर्वाचन व्यय की अनुमति नहीं दी जाएगी। नाम निर्देशन पत्र दाखिल करने के कम से कम एक दिन पूर्व यह नया खाता खोलना आवश्यक है। इस खाते से पूर्व में किसी भी तरह का ट्रांजेक्शन नहीं होना चाहिए। प्रत्याशियों को रोजाना के खर्च निर्वाचन व्यय लेखा पुस्तिका में दर्ज करना अनिवार्य है। सभी खर्च नये बैंक खाते से किए जाएंगे। नामांकन के समय अभ्यर्थी द्वारा नये बैंक खाते का विवरण प्रस्तुत करना होगा। यह बैंक खाता प्रदेश में किसी भी स्थान एवं किसी भी बैंक या डाकघर में खोला जा सकता है।

### अवकाश के दिनों में खुले रहेंगे शासकीय कार्यालय

**पन्ना।** लोकसभा निर्वाचन कार्यक्रम 2024 की घोषणा के फलस्वरुप जिले में आदर्श आचरण संहिता प्रभावशील है। निर्वाचन की प्रक्रिया और चुनाव संबंधी आदेशों एवं जानकारियों के आदान-प्रदान के लिये पन्ना जिले के समस्त शासकीय, अर्धशासकीय, सार्वजनिक उपक्रम के कार्यालय सार्वजनिक अवकाश के दिनों में खुले रहेंगे। इस संबंध में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सुरेश कुमार ने आदेश जारी करते हुये समस्त कार्यालय प्रमुखों को अवकाश के दिनों में कार्यालय संचालन के लिये कर्मचारियों की ड्यूटी लगाने के निर्देश दिये हैं।

### उम्मीदवार को देना होगा आपराधिक रिकार्ड का विवरण

**पन्ना।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा लोकसभा निर्वाचन 2024 के घोषित कार्यक्रमानुसार लोकसभा क्षेत्र खजुराहो के लिए चुनाव की अधिसूचना 28 मार्च को जारी की जाएगी। इसी दिन से नामांकन पत्र दाखिल करने प्रक्रिया आरंभ होगी।

### पेयजल के लिये भटक रहे ग्रामीण, गर्मी की शुरुआत के साथ पेयजल संकट

# जल जीवन मिशन में नल तो है पर जल नहीं: टंकी 15 दिन से खाली

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बनवार





हर घर तक पेयजल पहुंचाने के लिए भारत सरकार की योजना है। जल जीवन मिशन जिससे लोगों को उम्मीदें अब गर्मियों में भीषण जल संकट से निजात मिलेगी लेकिन ऐसा होता नहीं दिख रहा है। जल जीवन मिशन योजना की व्यवस्थाएं गर्मी की शुरुआती दौर में ही बदहाल दिखाई देने लगी है। दरअसल मामला है जनपद जबेरा की ग्राम पंचायत खमरिया मोजी लाल का जहां इस योजना के तहत 15 दिनों से टंकी खाली पड़ी है। घरेलू कनेक्शन के नल लगे है लेकिन उनमें जल नहीं पहुंच रहा है। ग्रामीणों का कहना है की जल जीवन मिशन के तहत अफसरों ने लोगों के घरों में नल तो लगा दिए, लेकिन उनमें जल ही नहीं आता। इसके चलते आज भी लोग कई किमी पैदल सफर कर हैंड पंप से पानी पीने के लिए मजबूर हैं। आरोप है कि अफसरों की अनदेखी चलते यहां जल संकट के हालत बने हुए है ग्रामीणों ने राकेश यादव, जाम से खुमान सिंह, हाकम सिंह, रघुनाथ सिंह का कहना है कि घर में जो नल लगाए गए है वो सिर्फ दिखावा है। उसका फायदा उन्हें नही मिल रहा है। क्योंकि पंद्रह पंद्रह दिनों तक पेयजल सप्लाई के लिए बनी पानी की टंकी खाली पड़ी रहती है। टंकी में पानी नहीं भरा जाता है। ऐसे में पेयजल सप्लाई नहीं होने से जल संकट की समस्या हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी बनी हुई है। जल संकट के हालात इस तरह बने हुए की बच्चा हो या बुजुर्ग महिला हो या पुरुष पेयजल के लिए मीलों का सफर तय करने को मजबूर है। हैंड पंप पीने के पानी के लिए कतारें लगती, भीड़ लगी रहती है साइकिल में पानी के कुप्पा रखकर पानी लाते हुए ग्रामीण की परेशानी देखी जा सकती है। गर्मी में पेयजल की नियमित सप्लाई की व्यवस्था दुरुस्त करने की बात तो अफसर कहते हैं, पर व्यवस्थाएं ग्रामीण क्षेत्रों दिखाई देती नही। आज भी ग्रामीण पेयजल के लिए दर दर भटक रहे है। महिला सरपंच मुलाबाई अहिरवार का कहना है पेयजल के लिए हमे भी परेशान होना पड़ता है। हम भी पीने के पानी के लिए दर दर भटकते रहते है। जल जीवन मिशन के तहत हर घर जल पहुंचाने के दावे हमारे ग्राम पंचायत में खोखले साबित हो रहे हैं। क्योंकि यहां पर पेयजल आपूर्ति की व्यवस्था बदहाल है । 15-15 दिन तक बीत जाते है पानी की टंकी नहीं भरी जाती और पेज जल सप्लाई नहीं की जाती है। ग्रामीण कमल विश्वकर्मा का कहना है 15 दिनों से पानी की टंकी खाली पड़ी है घरों में लगी नल शो पीस बने हुए हैं क्योंकि इनमें पेयजल सप्लाई नहीं हो रही है। जल जीवन मिशन के जिला मैनेजर मनोज राज का कहना है वहां के बालमेन को जवाब तलब करते हैं ऐसा क्यों हो रहा है की 15 दिन से पानी की टंकी नहीं भरी जा रही है। कहां क्या समस्या आ रही है मैं देखाता हूं।

# पुरानी रंजिश के चलते अतिथि शिक्षक से मारपीट, मोबाइल छीना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हटा

विगत दिनों चंडी जी वार्ड निवासी अतिथि शिक्षक के साथ पुरानी रंजिश के समाज के लोगों एक शादी समारोह के दौरान मारपीट कर मोबाइल छीन लिया जिसकी लिखित शिकायत हटा पुलिस थाना में तत्काल की गई थी लेकिन हटा पुलिस द्वारा आवेदक के बताए अनुसार रिपोर्ट दर्ज नहीं किए जाने पर पुलिस अधीक्षक दमोह व एसडीओपी हटा से लिखित शिकायत कर न्याय दिलाने की गुहार लगाई। दिए गए शिकायत आवेदन में उल्लेख कर बताया गया कि मनोज अहिरवार चंडी जी निवासी जो की हिनौता कला शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में अतिथि शिक्षक है जिसकी पड़ोस में ही रहने वाले गनेश अहिरवार, आदित्य अहिरवार, महेश अहिरवार से समाजिक बुराई लंबे समय से चल रही है जिन्होंने विगत 12 मार्च को एक शादी समारोह में मेरे साथ मारपीट कर मेरा 22 हजार की कीमत का मोबाइल छीन लिया जिसकी रिपोर्ट करने हटा पुलिस थाना गया था लेकिन ड्यूटीरत उप निरीक्षक द्वारा रिपोर्ट में मोबाइल छीनने का उल्लेख नहीं किया गया और मारपीट करने पर मुझे गंभीर चोटें भी आई। जिस कारण पुलिस अधीक्षक दमोह व एसडीओपी को लिखित शिकायत देकर घटना की रिपोर्ट दर्ज कराने व आरोपियों पर कार्यवाही करने की आवेदक द्वारा गुहार लगाई गई।

**पुलिस थाने में नहीं लिखी रिपोर्ट एसपी व एसडीओपी से की शिकायत**

## होली मिलन समारोह मनाया

**गैसावाद।** रंगो का पर्व होली के पावन अवसर पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं द्वारा क्षेत्रीय कार्यालय में हटा विधानसभा क्षेत्र के कांग्रेस प्रवक्ता कृष्णगोपाल श्रीवास्तव के उपस्थिति में होली पर्व मनाया जिसमे एक दूसरे को रंग गुलाल लगाकर होली की बधाई दी कांग्रेस नेता कृष्णगोपाल श्रीवास्तव ने कार्यकर्ताओं एवं युवा साथियों का तिलक लगाकर स्वागत करते हुए चुनाव के संबंध में भी विस्तृत चर्चा की इस अवसर पर परम उपाध्याय ,श्याम बिहारी पटेल, हकाई पटेल, गोविंद विश्वकर्मा दीपेश विश्वकर्मा, विनोद सिंह राजपूत, आलोक सेठिया मक्कू खान ,मंजू खान ,यासीन खान , सहित ग्रामीण जनों की उपस्थिति रही।

## पुलिस ने निकाला फ्लेग मार्च



**हटा।** लोकसभा चुनाव की आचार संहिता व चुनाव आयोग के निर्देशन पर गुरूवार को एसडीओपी नीतेश पटैल के निर्देशन पर हटा थाना प्रभारी मनीष कुमार व पुलिस स्टॉफ सहित एसएसबी (सशस्त्र सेवा बल )के जवानों के साथ फ्लेग मार्च निकाला गया जो थाना परिसर से शुरू होकर बड़ा बाजार बजरिया चंडी जी मंदिर तीनबत्ती तिगड्डा राय चौराहा मंदिर मस्जिद चौराहा से होते हुए पुलिस थाना परिसर पर समाप्त हुआ। फ्लेग मार्च में पुलिस वाहन सहित एसएसबी के जवानों के साथ थाना पुलिस बल सम्मिलित रहा।पुलिस द्वारा नगर में आगामी लोकसभा चुनाव के मद्देनजर लोगो को निष्पक्ष और शांतिपूर्ण मतदान करनें का संदेश दिया।

### ग्राम सुनादर में हुई हत्या का फरार आरोपी गिरफ्तार

**पवई।** बीते 25 मार्च की शाम को पवई थाना के ग्राम सुनादर में ग्राम के ही सिपाही लाल आदिवासी ने पुरानी रंजिश के चलते प्रकाश आदिवासी की कुल्हाड़ी मार कर हत्या कर फरार हो जाने का मामला सामने आया था, जिस पर पवई पुलिस ने 302 का मामला दर्ज कर हत्या के फरार आरोपी की तलाश शुरू कर दी थी, पन्ना पुलिस अधीक्षक के निर्देशन एसडीओपी सौरभ रत्नाकर के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी त्रिवेंद्र त्रिवेदी द्वारा टीम गठित कर मुखबिर की सूचना पर ग्राम के पास एक खेत से आरोपी को गिरफ्तार किया गया, इस संपूर्ण कार्रवाई में अवधेश दुबे ,गणेश सिंह, प्रेम नारायण जितेंद्र गोयल, सुशील ,राहुल अहिरवार, सैनिक पूरन सिंह ,सैनिक राजेंद्र बागरी, मणिराज बागरी व पुलिस टीम का सराहनीय योगदान रहा।

# क्या जहां बल है वहां न्याय न होगा, मुंशी प्रेमचंद के पंच परमेश्वर की शानदार प्रस्तुति

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह



रंगमंच के क्षेत्र में अग्रणी संस्था युवा नाट्य मंच रंगमंडल द्वारा विश्व रंगमंच दिवस के अवसर पर मुंशी प्रेमचंद द्वारा लिखित नाटक पंच परमेश्वर का मंचन स्थानीय शिल्पी नाट्य गृह में किया गया। नाटक का निर्देशन राजीव अयाची ने किया। कथा सम्राट मुंशी प्रेमचंद की यह कहानी पंच और उसके न्याय की विशेषता को प्रदर्शित करती है।अलगू चौधरी और जुम्मन शेख नाम के दो दोस्त थे वे दोनों एक साथ रहते और सांझे में खेती किया करते थे। उनके बीच में किसी प्रकार का कोई क्लेश नहीं था। जुम्मन शेख अपनी खाला की जमीन झांसा देकर अपने नाम कर लेता है और उनसे झूठा वादा करता है कि वह उनकी देखभाल करेगा और अच्छा-अच्छा खाने देगा लेकिन जुम्मन शेख और उसकी पत्नी खाला के साथ बुरा व्यवहार करती है और खाना तक नहीं देती है ।यह बात खाला को नागवार गुजरती है और वह यह मामला पंचायत में ले जाती है। पंचायत में अलगू चौधरी के लिए इस पर फैसला सुनाने के लिए पंच अधिकृत किया जाता है और वह आत्मा की आवाज और सच्चाई पर चलते हुए जुम्मन शेख के खिलाफ फैसला देता है और खाला को न्याय दिलवाता है। इस बात को लेकर जुम्मन शेख के मन में अलगू चौधरी के प्रति वैमनस्यता आ जाती है और वह उससे बदला लेने के बारे में सोचने लगता है। अलगू चौधरी गांव के मेले से एक बैल खरीदता है ।समझू साहू नामक एक व्यक्ति जो कि व्यापारी है वह बैल अलगू चौधरी से यह कहकर उधार ले लेता है कि वह उसे एक माह में वापस लौटा देगा। समझू साहू बैल से अत्यधिक काम करवाता है और अंततः बैल मर जाता है। जब अलगू चौधरी अपना बैल लेने समझू साहू के घर जाता है तो समझू साहू उस पर ही आरोप लगा देतां है कि उसने अच्छा बैल नहीं दिया था यह मामला पंचायत में पहुंचता है और उस पंचायत का पंच जुम्मन शेख बनाया जाता है। जुम्मन शेख सोचता है कि अलगू चौधरी से बदला लेने का यह सुनहरा अवसर है उधर अलगू चौधरी भी समझ जाता है कि जो फैसला उसने जुम्मन शेख के खिलाफ किया था आज वह उसका बदला अवश्य लेगा। लेकिन जब जुम्मन शेख पंच के पद पर बैठता है तो उसके मन के भाव बदल जाते हैं और वह अलगू चौधरी के पक्ष में और समझू साहू के खिलाफ में फैसला सुनाता हैं। यही पंच और न्याय की जीत होती है।मुंशी प्रेमचंद द्वारा लिखित यह नाटक अपने आप में तत्कालीन कई सामाजिक परिस्थितियों को समेटता है। यह नाटक यह दर्शाता है कि जो भी व्यक्ति न्याय की कुर्सी पर बैठता है वह हमेशा न्याय ही करता है। मिस पूरी प्रस्तुति के सबसे महत्वपूर्ण बात यह रही की बहुत सुंदर दृश्य बंधो के माध्यम से नाटक में एक बाद एक सुंदर दृश्य बनते रहे।नाटक के गानों एवम संगीत ने पूरी प्रस्तुति को एक अलग ही रंग प्रदान किया। इस प्रस्तुति की विशेषता यह रही की कम संसाधनों के बीच भी प्रकाश संयोजन का छोटी लाइट्स के माध्यम से बेहतरीन प्रयोग किया गया और सुंदर दृश्यो का निर्माण किया गया। नवोदित कलाकारों ने अपनी अभिनय प्रतिभा से उपस्थित दर्शको का मन मोह लिया। नाटक में मुख्य कलाकार जुम्मन पंकज चतुर्वेदी,खाला दीक्षा सेन, करीमन शिवानी बाल्मिक, समझू राजेश श्रीवास्तव, गांव वाले और पंच नयन खरे,देवांश सिंह राजपूत, अनुनय श्रीवास्तव, अनुभव श्रीवास्तव, पारस गर्ग, अलगू चौधरी हरिओम खरे, पंच संजय खरे,देवेश श्रीवास्तव,अनिल खरे,अमृता जैन रहे ।संगीत संयोजन में लक्ष्मी शंकर सिंह रघुवंशी,देवेश श्रीवास्तव, राजबहादुर अग्रवाल,अक्षत रायकवार रहे।इस अवसर पर शहर के गणमान्य नागरिक गण साहित, एडवोकेट पंकज हर्ष श्रीवास्तव,साहित्यकार नरेंद्र दुबे,नरेंद्र बजाज,राजीव बिरथरे,अमर सिंह राजपूत,सुधीर असाटी,कैप्टन वाधवा, डॉआलोक सोनवलकर,त्रिपाल सिंह, बृजेंद्र शर्मा, दिनेश प्यासी, बी एम दुबे, नितिन अग्रवाल, अशोक स्वामी, अजीम प्रेमजी फाउंडेशन से विशाल पालीवाल,अनिमेष सिंघई एवम अन्य लोग उपस्थित रहे।

# रमजान महीना की रौनक से मस्जिदें हैं गुलजार



**हटा।** रमजान का महीना जारी है और मुस्लिम समुदाय इबादत में लगा हुआ है। हटा में भी माहे रमजान की रौनक देखी जा रही है नगर की जामा मस्जिद, मदार चिल्ला मस्जिद, छोटी मस्जिद, कटरा मुहल्ला मस्जिद मैं नवाज के बाद इफ्तार और सामूहिक भोजन के इंतजाम किए जा रहे हैं इफ्तार में सभी मुस्लिम भाई एक साथ बैठकर रोजा इफ्तार कर खाने का आनंद लेते हैं। रोजेदारों का सामूहिक तौर पर रोजा खुलवाने दावत का सिलसिला भी खूब चल रहा है इस दौरान लोग मजहबी भाईचारे का सबूत देते हुए इन कार्यक्रमों में बड़ी संख्या में शामिल होते हैं लोग अपने-अपने घरों से तरह-तरह के मिष्ठान एवं इफ्तारी लेकर मस्जिदों में सबके साथ सामूहिक रोजा खोलते हैं। छोटे-छोटे बच्चों की संख्या भी बहुत होती है। गुरुवार शाम मुस्लिम समुदाय ने 17 रोजे पूरे किए हैं।

# एसडीओपी बंगले में होली मिलन समारोह आयोजित



**हटा।** रंगों का पर्व रंगोत्सव समूचे नगर व क्षेत्र में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया वहीं त्यौहार में सभी की खुशियों व सुरक्षा का ध्यान पुलिस प्रशासन द्वारा जगह-जगह पुलिस बल तैनात कर किया गया वही धुरेडी के दूसरे दिवस नितेश पटेल ने अपने बंगले पर नगर के पत्रकारों को आमंत्रित कर थाना प्रभारी मनीष कुमार की उपस्थिति में होली मिलन समारोह कार्यक्रम आयोजित किया। जहां कार्यक्रम में एसडीओपी नितेश पटेल थाना प्रभारी मनीष कुमार ने सभी पत्रकारों को रंग बिरंगी गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दी तो वहीं पत्रकारों ने भी दोनों अधिकारियों को गुलाल लगाते हुए गले मिलकर होली की शुभकामनाएं दी। इस दौरान एसडीओपी नितेश पटेल ने कहा कि होली का त्योहार सभी के सहयोग से काफी शांतिपूर्ण तरीके से मनाया गया जिसमें पुलिस सहित शहर की नागरिकों और पत्रकारों का पूरा सहयोग रहा। उन्होंने लोकसभा चुनाव में अधिक से अधिक मतदान करने की भी लोगों से अपील की। इस दौरान उपनिरीक्षक शत्रुघ्न दुबे, पत्रकार विजय बजाज, संजय जैन, विकास सोनी, घनश्याम प्रजापति, अतुल पन्या, जगदीश विश्वकर्मा, मुजाहिद खान, भरत साहू, सहित अन्य पत्रकारों की उपस्थित रही।

# शंकराचार्यः भाषा, संस्कृति एवं राष्ट्रीय एकता पर हुई विचार गोष्ठी



हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

भारतीय भाषा समिति, शिक्षा मंत्रालय भारत सरकार एवं शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय दमोह के संयुक्त तत्वावधान में जगद्गुरु श्री आदि शंकराचार्यः भाषा, संस्कृति एवं राष्ट्रीय एकता विषय पर एक दिवसीय विचारगोष्ठी का आयोजन महाविद्यालय के सभागार में किया गया। विचार गोष्ठी के मुख्य अतिथि प.पू. स्वामी वेदतत्त्वानन्द पुरी जी महाराज, आवासीय आचार्य, आचार्य शंकर सांस्कृतिक एकता न्यास, संस्कृति विभाग, म.प्र. शासन रहे। जिन्होंने शंकराचार्य के समय की परिस्थितियों एवं आवश्यकताओं के अनुसार उनके ज्ञान और अध्यात्म साधना के विषय में बताया। साथ ही साथ वर्तमान समय में अद्वैत दर्शन कैसे एकात्मता और शांति स्थापित कर सकता है इसका संदेश दिया। विचार गोष्ठी में विशिष्ट वक्ता के रूप में मनोज कुमार श्रीवास्तव थे जो मध्य प्रदेश कैडर से 1987 बैच के सेवानिवृत्त आईएएस अधिकारी हैं। वे महात्मा गांधी द्वारा स्थापित राष्ट्रभाषा प्रचार समिति के हिंदी भवन से प्रकाशित साहित्यिक पत्रिका श्अक्षराश के मुख्य संपादक हैं। साहित्यिक क्षेत्र में उनकी 38 पुस्तकें लिखी और प्रकाशित हो चुकी हैं। मनोज कुमार श्रीवास्तव ने आदि शंकर के साहित्य पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए उसकी आवश्यकता को समझाया। साथ ही वक्ता के रूप में दमोह के सेवानिवृत्त आचार्य प्रो भागचन्द्र जैन, प्रसिद्ध चिकित्सक डॉ केदार शिवहरे एवं छतरपुर से डॉ यशोदा सिंह उपस्थित रहें। जगद्गुरु श्री शंकराचार्य सनातन संस्कृति एवं भारतवर्ष के पूज्य हैं, सबके सांझे धरोहर हैं। भारत की भौगोलिक, सांस्कृतिक और आध्यात्मिक एकता एवं अखंडता पुष्ट करने हेतु उन्होंने अपना जीवन सर्वस्व न्योछावर कर दिया। उन्होंने इस पुण्यभूमि में सभी दिशाओं में यात्रा कर अपने संवाद कौशल से अध्यात्म पताका का ध्वज लहराया। भाषा सांस्कृतिक विरासत का द्वार है। संस्कृति और सभ्यताओं की सबसे गूढ़ एवं मूलभूत बातों तक पहुँचना है तो उसके साहित्य को खंगालना होगा एवं साहित्य रुपी समुद्र में डुबकी लगाने हेतु भाषा पर पकड़ निरंतर बना कर रखनी होगी। इसी कारण से भाषाएँ देश की एकता एवं अखंडता को भी पुष्ट करती हैं। भाषा, संस्कृति एवं राष्ट्रीय एकता यह तीनों एक दुसरे से जुड़े हुए हैं। जगद्गुरु श्री शंकराचार्य जी के दर्शन पर एक देशव्यापी चर्चा खड़े करने तथा भारत की एकात्मता में जगद्गुरु श्री शंकराचार्य जी के योगदान को युवाओं के मध्य ले जाने हेतु इस व्याख्यानमाला का आयोजन किया जा रहा है। इस पुनीत कार्य में भारतीय भाषाएँ किस प्रकार से सहायक सिद्ध हुई यह भी शोध जगत में केंद्र का विषय होना चाहिए। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ के पी अहिरवार के कहां है कि इस व्याख्यानमाला के प्रमुख उद्देश्य हैं कि जगद्गुरु श्री शंकराचार्य के दर्शन एवं कार्यों को व्यापक विमर्श में लाना एवं युवाओं के मध्य लेकर जाना, जगद्गुरु श्री शंकराचार्य के दर्शन एवं जीवन कार्य में संस्कृत एवं भारतीय भाषाओं की भूमिका को समझाना, देश की एकात्मता में संस्कृत भाषा के महत्त्व पर परिचर्चा करवाना। कार्यक्रम का संचालन डॉ इन्दिरा जैन ने किया। विषय प्रवर्तन एवं स्वागत भाषण डॉ के एस बामनिया दिया। कार्यक्रम के संयोजक डॉ जितेन्द्र धाकड़ ने संगोष्ठी के अंतिम सत्र में अतिथियों का परिचय, स्वागत भाषण और प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र वितरित किए गए। संगोष्ठी में महाविद्यालय के समस्त स्टाफ, विद्यार्थी एवं शहर के गणमान्य नागरिक मौजूद थे।

# बीसीजी एडल्ट अभियान में 141 लाभार्थियों को किया टीकाकृत



हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री सुधीर कुमार कोचर के निर्देशन एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. सरोजिनी जेम्स बेक एवम जिला टीकाकरण अधिकारी डॉक्टर रेक्शन एलबर्ट के मार्गदर्शन में आयोजित भारतीय जीवन बीमा निगम में टीकाकरण सेशन का आयोजन, सुबह 10 से शाम 5 बजे तक किया गया। जिसमें दोनों एएनएम एवं ने आज 141 लाभार्थियों को टीकाकृत कर इतिहास बनाया, जिला कार्यक्रम समन्वयक श्री दीपक सिंह राजपूत ने बताया एएनएम श्रीमती दिनेश्वरी सिंह टेकाम एवं श्रीमती दीपा तिवारी मैं बहुत मेहनत की। जबकि एएनएम श्रीमती दीपा तिवारी का स्वास्थ्य खराब था, फिर भी उन्होंने अपनी ड्यूटी ईमानदारी से की और दमोह जिले में एडल्ट बीसीजी वैक्सीनेशन के क्षेत्र में आज सबसे ज्यादा एक ही सेशन मैं सबसे ज्यादा लाभार्थियों को टीकाकृत किया। जबकि ऑनलाइन सेशन 70 लाभार्थी का रहता है, श्री राजपूत ने बताया कि उत्कृष्ट कार्य करने वाली एएनएम को उच्च अधिकारियों से प्रशस्ति देकर सम्मानित किया जाएगा।

## खबर संक्षेप

### रिलीज आदेश जारी करने समिति का गठन

**दमोह।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा दिये गये निर्देशों के तहत लोकसभा निर्वाचन 2024 हेतु पुलिस अथवा स्थैतिक निगरानी दल द्वारा की गई जब्ती के मामले में जांच किये जाने एवं मानक प्रचलन प्रक्रिया के अनुसार जब्ती के संबंध में कोई प्राथमिकी / शिकायत दर्ज नहीं की गई है या जहां जब्ती किसी अभ्यर्थी या राजनैतिक दल या किसी निर्वाचन अभियान इत्यादि से जुड़ी हुई नहीं है, तो वह ऐसे व्यक्तियों को जिनसे नगदी जब्त की गई थी, वह 10,00,000 रूपये (दस लाख रूपये) से कम हो एवं नगदी 10,00,000 रूपये (दस लाख रूपये) से अधिक है, तो रिलीज किये जाने से पहले आयकर के नोडल अधिकारी को सूचित किये जाने के पश्चात ऐसी नगदी रिलीज करने के बारे में एक स्पीकिंग आदेश जारी करने के पश्चात रिलीज आदेश जारी करने के लिए तत्काल कदम उठाने हेतु कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सुधीर कुमार कोचर ने समिति का गठन कर समिति में अपर कलेक्टर एवं अतिरिक्त जिला दण्डाधिकारी मीना मसराम, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत अर्पित वर्मा एवं जिला कोषालय अधिकारी अभिषेक हजारी को नियुक्त किया है।

### व्यय प्रेक्षक जिला कार्यालय में प्रातः 11 बजे से

**दमोह।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा 07 दमोह संसदीय लोकसभा क्षेत्र के अभ्यर्थियों के निर्वाचन व्यय की निगरानी हेतु नियुक्त व्यय प्रेक्षक विनय कुमार कनथेती (आई.आर.एस.) मोबाईल नंबर का दमोह आगमन हो चुका है। प्रेक्षक जिला कार्यालय के कक्ष क्रमांक 71 में आज 29 मार्च को प्रातः 11 बजे से दोपहर 12 बजे तक उपस्थित रहेगें। अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी मीना मसराम ने कहा है राजनैतिक दल, अभ्यर्थी एवं जन सामान्य निर्धारित समय में प्रेक्षक से संपर्क कर सकते है।

### प्रथम दिन एक भी नाम निर्देशन पत्र दाखिल नहीं

**दमोह।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निर्वाचन कार्यक्रम के तहत 07- दमोह लोकसभा संसदीय क्षेत्र से प्रथम दिवस रिटर्निंग आफीसर के समक्ष एक भी नाम निर्देशन पत्र दाखिल नहीं हुआ है।

### व्यय प्रेक्षक की अध्यक्षता में बैठक

**दमोह।** लोकसभा निर्वाचन 2024- निर्वाचन व्यय अनुवीक्षण तंत्र के बेहतर समन्वय एवं क्रियान्वयन हेतु व्यय प्रेक्षक दमोह संसदीय क्षेत्र की अध्यक्षता में बैठक 29 मार्च 2024 को कलेक्टर कार्यालय के सभाकक्ष में अपरान्ह 03 बजे से आयोजित की गई है। अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी मीना मसराम ने समस्त संबंधितों से बैठक में उपस्थित होने हेतु आग्रह किया है।

### वीरांगना रानी दुर्गावती टाइगर रिजर्व में बाघों की संख्या बढकर हुई 21

# बांधवगढ़ की मशहूर बाघिन कजरी व बाघ का जोड़ा पहुंचा टाइगर रिजर्व

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तेंदूखेडा

बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व से दो बाघों को बुधवार को दमोह सागर जिले के नौरादेही टाइगर रिजर्व लाया गया है जहां देर रात बाघ और बाघिन को टाइगर रिजर्व के डोंगरगढ़ रेंज के महका के पास व्यारमा नदी किनारे छोड़ा गया है। बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व के उद्यान के उप संचालक पीके वर्मा ने बताया कि मगधी रेंज स्थित बहेरहा बाड़े में रखी गई 6 वर्षीय मादा बाघ एवं नर बाघ 5 वर्ष को प्रधान मुख्य वन संरक्षक (वन्यप्राणी) एवं मुख्य वन्यप्राणी अभिरक्षक मप्र भोपाल की अनुमति से मुख्य वन संरक्षक एवं क्षेत्र संचालक एलएल उइके के मार्गदर्शन में संयुक्त टीम द्वारा विशेष वाहन द्वारा वीरांगना दुर्गावती टाइगर रिजर्व भेजा गया था। जहां से बुधवार देर रात टाइगर रिजर्व में दोनों को छोड़ा गया है। बताया गया है दोनों टाइगर रिजर्व बांधवगढ़ टाइगर के बाहर एनक्लोजर में काफी दिनों से रह रहे थे जिनका सफलतापूर्वक रेस्क्यू कर विशेष वाहन से नौरादेही अभ्यारण्य के टाइगर रिजर्व लाया गया। इससे पहले बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व में एक्सपर्ट टीम और डाक्टर की उपस्थिति में बाघों का स्वास्थ्य परीक्षण कराया गया था। नौरादेही अभ्यारण्य में विस्थापन के बाद डोंगरगांव रेंज में ज्यादातर वन क्षेत्र खाली हो गया है। इसलिए टाइगर रिजर्व के इस इलाके में बाघों की संख्या बढ़ाने के लिए बाघों के जोड़े को छोड़ा गया है. फिलहाल बाघ-बाघिन को 1 साल तक निगरानी में रखा जाएगा. उसके बाद पर्यटक अगले सीजन में दीदार कर सकेंगे। वीरांगना दुर्गावती टाइगर रिजर्व के डिप्टी डायरेक्टर डॉ. एए अंसारी ने बताया कि टाइग रिजर्व बनने के बाद रिजर्व एरिया के गांव का तेजी से विस्थापन कर बाघों के बेहतर रहवास के लिए लगातार प्रयास किया जा रहे हैं।



नरसिंहपुर जिले के अंतर्गत आने वाले टाइगर रिजर्व के डोंगरगांव रेंज में 27 मार्च 2024 को एक नर और एक मादा बाघ को देर रात टाइगर रिजर्व में छोड़ा गया है। बाघों का ये जोड़ा डोंगरगांव रेंज के विस्थापित ग्राम महका के पास व्यारमा नदी के किनारे सफलतापूर्वक छोड़ा गया जो दमोह जिले की सीमा में आता है दोनों बाघ-बाघिन में रेडियो कॉलर लगे हुए हैं। जिन पर लगातार निगरानी रखी जा रही है. इन बाघों में मादा बाघ को एन-4 और नर बाघ को एन-5 नाम दिया गया है। टाइगर रिजर्व के डिप्टी डायरेक्टर अंसारी बताते हैं कि सितंबर 2023 में मध्य प्रदेश के साथ में टाइगर रिजर्व को अधिसूचित किया गया है। इसका उद्देश्य यहां पर बाघों के रहस्वास को विकसित करना है। जब यह इलाका नौरादेही अभ्यारण्य के रूप में जाना जाता था तब यहां बाघ पाए जाते थे लेकिन 2011 के बाद यहां बाघ नजर नहीं आए। टाइगर रिजर्व के नए इलाके में बाघों की बसाहट की पहल साल 2018 में नौरादेही अभयारण्य में राष्ट्रीय बाघ संरक्षण परियोजना के तहत बाघ-बाघिन के जोड़े को छोड़ा गया। टाइगर रिजर्व बनने के बाद कोर एरिया में विस्थापन का काम तेजी से किया जा रहा है. टाइगर रिजर्व की डोंगरगांव रेंज के फिलहाल दो-तीन गांव ही विस्थापन के लिए बचे हुए हैं और ज्यादातर इलाका खाली हो गया है. इसी को ध्यान रखते हुए तय किया गया था कि इस इलाके में बाघों की बसाहट विकसित करने के लिए बाघ छोड़ें जाएं. इसी आधार पर वन मुख्यालय को प्रस्ताव भेजा गया. वन मुख्यालय की अनुमति के बाद 27 मार्च को बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व से लाए गए एक नर और मादा बाघ को डोंगरगांव रेंज के महका इलाके में व्यारमा नदी के पास छोड़ा गया है।

## फाग उत्सव का आयोजन



**पटेरा।** प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी श्री देव मुरली मनोहर की साला बरखेड़ा बस में फाग उत्सव का आयोजन किया गया शुरुआत श्री राम कृष्ण दरबार सजाया गया और भक्तों ने विशेष पूजन किया रात 8:00 बजे से शुरू भजन संध्या में बुंदेलखंड की प्रसिद्ध फागें भजनों व गीतों की देररात्रि तक प्रस्तुति दी कार्यक्रम में बड़ी संख्या में भक्त एकत्रित हुए जिन्होंने श्री कृष्ण राधा श्री राम दरबार में फूलों गुलाल की होली खेलने का आनंद लिया।

## अज्ञात व्यक्ति का मिला शव

**तेंदूखेड़ा।** ग्राम पुरा बैरागढ़ के पास खेतो में कटनी हार में एक अज्ञात युवक का शव मिला है। ग्राम के किसानो ने अज्ञात शव को देखकर लगभग साढे 5 बजे तत्काल तेजगढ पुलिस को सूचना दी गई। सूचना मिलते ही थाना प्रभारी अभिषेक पटैल अपनी टीम के साथ मौका स्थल पर पहुंच गए है। पुलिस शव की सिनाख्त करने में लगी हुई है। लेकिन शव की पहचान नही हो पाई है। पुलिस को शव के पास से 500 रूपए, विस्किट का पैकिट, एक दवाई की पुडियां, एक मोवाइल मिला है। तेजगढ पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जॉच कर रही है।

## खाद्य सामग्री की हुई ऑन द स्पॉट जांच

**दमोह।** कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर द्वारा दिये गये निर्देशों के तहत चलित खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला द्वारा पटेरा ब्लॉक के ग्राम कुंडलपुर स्थित श्री दिगंबर जैन सिद्ध जैन तीर्थ स्थल क्षेत्र में विभिन्न खाद्य प्रतिष्ठानों में बिक रही खाद्य सामग्री जांच की गई। चलित खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला (एम एफ टी एल) द्वारा कुंडलपुर में संचालित निजी दुकानों में दही, घी, नमकीन हल्दी पाउडर, मिर्च पाउडर, धनिया पाउडर, गरम मसाला, आटा, मैदा, बेसन, सौंफ, इलाइची, काली मिर्च, राई, जीरा, नमक, किशमिश आदि सहित 28 खाद्य पदार्थों के नमूनों की जांच की गई। चलित खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला द्वारा कुंडलपुर सिद्ध क्षेत्र में खाद्य पदार्थों में मिलावट के प्रति जागरूक करने हेतु आम नागरिकों के लिए जन जागरूकता कार्यक्रम एवं खाद्य कारोबार कर्ताओं को खाद्य पदार्थों में मिलावट पता करने से संबंधित प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान चलित खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला के केमिस्ट सौरभ भारद्वाज एवं सहायक प्रवीण चौबे उपस्थित रहे।

# स्वच्छता हमारी आदतों में आना चाहिये-कलेक्टर



### कलेक्टर ने नगर का भ्रमण कर कचरा स्पॉट किये चिन्हित, हफ्ते में दो दिन स्थानीय एसडीएम करेंगे मानीटरिंग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

स्वच्छता हमारी आदतों में आना चाहिए, यह एक ऐसी चीज है इसमें समाज का सक्रिय सहयोग जरूरी है। मुझे पूरा विश्वास है सब मिलकर दमोह को अत्यंत स्वच्छ और क्लीन शहर बनाने का जो हमारा स्वप्न है, उसको अच्छे तरीके से पूरा कर पाएंगे, मैं अपेक्षा करता हूं कि सभी का सहयोग प्रशासन को मिलेगा। इस आशय के विचार कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने आज दमोह शहर में सफाई अभियान के तहत विभिन्न क्षेत्रों का भ्रमण करते हुये व्यक्त किये। इस मौके पर मुख्य नगर पालिका अधिकारी सुषमा धाकड़ के साथ नगर पालिका का अमला मौजूद था। कलेक्टर श्री कोचर ने नगर के जनमानस से आग्रह करते हुए कहा नगरपालिका के द्वारा डोर टू डोर कचरा कलेक्शन किया जा रहा है, नगर के ऐसे 20 स्थल है यदि यहां पर कचरा ना फेक, यदि कचरा डोर टू डोर कलेक्शन वाली गाड़ियों में डालेंगे तो ऐसी स्थिति में मुख्य मार्ग पर कचरा कम से कम होगा, जिससे शहर की सफाई बनी रहेगी। उन्होंने कहा नगर की सफाई व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने के लिए और नगर स्वच्छ दिखे, सुंदर दिखे इस दृष्टि से इन मार्गो पर किसी प्रकार का कचरा ना फेकें। आप सभी के सहयोग की मैं अपेक्षा करता हूं कि आपका सहयोग मुझे मिलेगा, प्रशासन को मिलेगा। कलेक्टर श्री कोचर ने कहा सुबह दमोह शहर के भ्रमण दौरान नगर पालिका अधिकारी और उनका पूरा अमला भी साथ में था। शहर में ऐसे 20 स्पॉटों को चिन्हांकित किया गया हैं, जहां पर कोई सुबह निकलता है तो बड़े पैमाने पर सड़क पर या सार्वजनिक स्थल पर कचरा फैला हुआ मिलता है, ऐसे निर्देश दिए हैं कि नगर पालिका डेली बेसिस पर सुबह 07 बजे तक सब जगह सफाई व्यवस्था चलती है कचरा डंपरों या गाड़ियों के माध्यम से किसी भी स्थिति में उठा करके क्लीन किया जाये। कलेक्टर श्री कोचर ने कहा यह 20 स्पॉट है जो की बिल्कुल मुख्य मार्गो पर स्थित है और यहां पर बहुत ज्यादा गंदगी रहती है जिससे लोगों के स्वास्थ्य पर प्रभाव पड़ता है और शहर की छवि भी खराब होती है, ऐसी जगह से डेली बेसिस पर सुबह 07 तक कचरा डंपरों या गाड़ियों के माध्यम से किसी भी स्थिति में उठा करके क्लीन किया जाए और प्रतिदिन सीएमओ नगर पालिका स्वयं इसकी मॉनिटरिंग करेंगे और हफ्ते में दो दिन स्थानीय एसडीएम यहां की मॉनिटरिंग करेंगे। उन्होंने कहा नगर के बड़े स्पॉट्स है यहां पर गंदगी को लेकर के किसी को भी किसी प्रकार की शिकायत नहीं रहेगी और इन जगहों पर लोगों को परेशान नहीं होना पड़ेगा। हमारे शहर में स्वच्छता है हम पूरी तरह से बरकरार रख पायेंगे। अपने नगर भ्रमण के दौरान कलेक्टर श्री कोचर ने बी.एस.एन.एल. कार्यालय के पास, कोतवाली चौराहे के पास, टंकी (हौदी) में, मानस भवन के पास, मांगज स्कूल के पास, एवरेस्ट लॉज के पास, केप्टन लॉज के पास, इन्द्रपैलेस के सामने, खण्डूजा काम्प्लेक्स (स्टेशन चौराहा), अग्रवाल स्कूल के पास, नीलकमल गार्डन के पास, चरहाई वाइन शॉप के पास, पलंदी चौराहा ओवरब्रिज के पास, नया बाजार नं. 4, धगट चौराहे वाली रोड के पास, मिशन स्कूल के पास धर्मकांटा, चौपाटी के सामने (हरिजन थाने के बाजू), हॉकर्स जोन के पास, रोनी बाबा के घर के पास, पुराना थाना के पास, बड़े पुल के पास एवं गाड़ी खाना आदि स्थलों का जायजा लिया।

## मुनि श्री समय सागर जी ससंघ का तेंदूखेडा से हुआ विहार



**तेंदूखेड़ा।** प्रथम निर्यापक श्रमण मुनिश्री समय सागर जी महामुनिराज का सासंघ कुंडलपुर की ओर विहार हो गया है। रात्रि विश्राम ग्राम खेरे में होगा। सुबह अहारचर्या संभवता ग्राम सांगा में होगी। लेकिन बुधवार को नगर आगमन के बाद सम्पूर्ण नगर में धर्ममय वतावरण बना हुआ था अनेक जिले के लोगो ने तेंदूखेड़ा नगर आकर मुनिसंघ के दर्शन कर धर्मलाभ लिया। गौशाला में गौचिकित्सालय का लोकापर्ण कर मुनिसंघ का रात्रि विश्राम गौशाला में ही हुआ था। गुरूवार को मुनिश्री समय सागर जी महामुनिराज को आहरदार दान देने का सौभाग्य सनमत जैन डब्बू सेठ पुरा बाले परिवार को प्राप्त हुआ।

## कांग्रेस ने तरवर सिंह लोधी को बनाया लोकसभा उम्मीदवार

**दमोह।** लोकसभा चुनाव के लिये जहां एक ओर भाजपा का प्रचार अभियान तेजी से चल रहा है वहीं दूसरी ओर बुधवार देर रात जारी सूची में कांग्रेस ने भी दमोह लोस चुनाव के लिये अधिकृत प्रत्याशी की घोषण कर दी है जिससे चुनावी मुकाबले की तस्वीर साफ हो गई है। पूर्व की भांति एक बार फिर दोनो ही पार्टियों ने लोधी समाज के कैंडिडेट को टिकट दिया है। कांग्रेस ने बंडा के पूर्व विधायक तरवर सिंह को प्रत्याशी घोषित कर दिया है जबकि भाजपा से पूर्व में कांग्रेस के विधायक रहे राहुल सिंह को भाजपा पहले ही अपना प्रत्याशी घोषित कर चुकी है। दमोह लोस क्षेत्र में सागर जिले की विस, छतरपुर की एक व दमोह जिले की चार विस सीटे आती है। तरवर सिंह सागर जिले की बंडा विस क्षेत्र से आते है जिससे माना जा रहा है सागर जिले की सीटो को साधने के लिये कांग्रेस ने उन्हे उम्मीदवार बनाया है। उपरोक्त दोनों ही नेता पिछले विधानसभा चुनाव में कांग्रेस की टिकट पर विधायक निर्वाचित होने के बाद अपना दूसरा चुनाव हार चुके हैं। दोनों ही लोधी समाज से हैं जिससे समाज की वोटो पर दोनों ही दलों की नजर लगी हुई है। ऐसे में अब अन्य समाजों की भूमिका ज्यादा महत्वपूर्ण हो गई है।

## रनेह साहू समाज का होली मिलन समारोह

**रनेह।** साहू समाज समिति रनेह के पदाधिकारियों ने होली पर्व पर आपसी भाईचारे को बढ़ाने के उद्देश्य से समाज के करीब 110 घरों में जाकर अबीर गुलाल का टीका लगाया और समाज में एकजुटता लाने सब के विचार सुने। इस मौके पर समाज में उत्साह नजर आया। आगामी 5 अप्रैल शुक्रवार को साहू समाज की आराध्य देवी मां कर्मा देवी की जयंती को लेकर घर-घर में चर्चा की गई सभी ने बढ़ चढ़कर जयंती उत्साह पूर्वक मनाने की सहमति जता कर सहयोग दिया। वर्ष भर में जिन परिवारों में हमारे अपने हमें छोड़कर चले गए ऐसे परिवारों में जाकर शोक संवेदना व्यक्त करते हुए सामाजिक स्तर पर हर संभव मदद की बात रखी।



## कांग्रेस का कार्यकर्ता सम्मेलन आज

**दमोह।** लोकसभा क्षेत्र के दमोह जिले की चारों विधानसभाओं के समस्त ब्लाक अध्यक्षों मोर्चा संगठनों विभागों प्रकोष्ठों मंडलम सेक्टर के अध्यक्षों बी.एल.ए. प्रभारियों एवं समस्त कांग्रेसजनों से जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष रतनचंद जैन ने अनुरोध किया है कि म.प्र. कांग्रेस कमेटी 07 दमोह लोकसभा सीट से बंडा के पूर्व विधायक तनवर सींग लोधी को कांग्रेस प्रत्याशी बनाया है जो कि युवा एवं निष्ठावान है और इसी लोकसभा क्षेत्र है वह दिनांक 29 मार्च 2024 को सर्वप्रथम सागर नाका स्थित 11:45 बजें लोह पुरूष बल्लभ भाई पटेल की प्रतिमा पर पुपाहार करने के बाद दोपहर 12 बजें जिला कांग्रेस कार्यालय में आयोजित विशाल कार्यकर्ता सम्मेलन को संबोधित करेगें। दोपहर 2:45 बजें कांग्रेस कार्यकर्ताओं के साथ घंटाघर स्थित गांधी प्रतिमा पर पुष्पाहार करेंगे 3 बजें अस्पताल चौक पर अम्बेडकर प्रतिमा पर पुष्पाहार, जबलपुर नाका स्थित महाराणा प्रताप की प्रतिमा पर पुष्पाहार के बाद जटाशंकर स्थित रानी अबंतीबाई की प्रतिमा पर पुष्पाहार करेंगे। तत्पश्चात् वह सांय 4 बजें बांदकपुर पहुंचकर श्री देव जागेश्वर नाथ का पूजन अर्चन के बाद हिण्डोरिया, पटेरा में कांग्रेस कार्यकर्ताओं से मुलाकात के बाद कुंडलपुर पहुंचकर बड़े बाबा के दर्शन एवं उनका पूजन अर्चन करेंगे।

## 15 वर्षो से फरार ईनामी आरोपी गिरफ्तार

**दमोह।** थाना कोतवाली पुलिस द्वारा थाना हिण्डोरिया के लूट के प्रकरण में 15 वर्षो से फरार 5 हजार रूपये का ईनामी सहित अन्य स्थाई वारंटी व ईनामी को गिरफ्तार करने में सफलता अर्जित की है। जानकारी के अनुसार श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदय दमोह के निर्देशन, श्रीमान अति० पुलिस अधीक्षक महोदय एवं श्रीमान नगर पुलिस अधीक्षक महोदय दमोह के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक आनंद सिंह ठाकुर के नेतृत्व में गठित टीम द्वारा विक्रम पिता तरबर सिंह लोधी निवासी लुहारी थाना हटा पांच हजार रू का ईनामी स्थाई वारंट, रवि पिता सुखलाल ठाकुर निवासी फुटेरा मुहल्ला दमोह (3000/- रू का ईनामी स्थाई वारंट), कृष्णकुमार पिता अजुद्दी खटीक निवासी फुटेरा महुल्ला दमोह (स्थाई वारंटी), एक महिला (स्थाई वारंटी), रज्जू पिता कोदू लोधी निवासी थाना नोहट ( अप.क्र. 116/24 धारा 376 ताहि में गिरफ्तार को गिरफ्तार किया है। सराहनीय कार्य करने वालों में सउनि रमाशंकर मिश्रा, सउनि गोविंद सिंह, सउनि संतोष तिवारी, प्रआर अजित, आर. आकाश, आर कृष्णकुमार, उमेश, आर शुगम पचौरी, आर ललित, आर भूपेन्द्र, मआर पार्वती, आर नेहा एवं थाना हिण्डोरिया उनि उमेश कारोलिया, प्रआर अभिषेक, थाना नोहटा से उनि अरबिंद सिंह आर रोहित, सा.सेल. प्रआर राकेश शामिल है।

# मुनि संघ एवं आर्यिका संघ के आगमन पर की भव्य अगवानी



**दमोह।** आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज के परम प्रभावक शिष्य मुनि श्री प्रयोग सागर जी मुनि श्री प्रबोध सागर जी मुनिश्री निर्दोष सागर जी मुनि श्री निर्लोभ सागर जी एवं मुनि श्री निरुपम सागर जी के अलावा आर्यिका अनंतमति माताजी आर्यिका अकंपमती माताजी ससंघ के मंगल आगमन पर दमोह नगर में समाज द्वारा भव्य अगवानी की गई। कुंडलपुर में होने जा रहे आचार्य पद प्रतिष्ठा महोत्सव के लिए मुनीसंघ एवं आर्यका संघ का मंगल आगमन हो रहा है। इसके पूर्व वाषा ग्राम में आहार के पश्चात शाम को बिहार होकर रात्रि विश्राम ओजस्विनी एकलव्य विश्वविद्यालय मैं हुआ तत्पश्चात 28 मार्च को प्रातः काल 8 दमोह मैं ग्राजों बाजो के साथ मंगल प्रवेश हुआ। सभी श्रद्धालुओं ने बहुत उत्साह के साथ मंगल अगवानीमें सहभागी बने जैन समाज की सबसे बड़ी संस्था श्री दिगंबर जैन पंचायत के साथ शाकाहार उपासना परिसंघ नन्हे मंदिर कमेटी एवं जैन समाज गणमान्य गण मंगल अगवानी मैं सम्मिलित रहे मुनि संघ की मंगल अगवानी हेतु सागर नाका से दिगंबर जैन धर्मशाला तक अनेक जैन बंधु के घर के सामने रंगोली और तोरण द्वार लगाकर सजाया गया। स्थान स्थान पर पद प्रक्षालन कर मुनि संघ की आरती उतारी गई। इस मौके पर जैन पंचायत अध्यक्ष सुधीर सिंघई, तहसीलदार मोहित जैन, रूपचंद संगम, नवीन निराला, मीनू जैन, सुनील वेजीटेरियन, आलोक पालंदी, संजीव शाकाहारी, रानू पारस, गुड्डू भैया, पवन जैन, विनय विनम्र आदि की विशेष उपस्थिति रही।

## पेयजल आपूर्ति बनी मजाक

### सप्ताह में एक दिन हो रही सप्लाई

**पथरिया।** मुख्यमंत्री शहरी पेयजल योजना अंतर्गत नगर में कहने के लिए तो 22 करोड़ 95 लाख रुपए से अधिक लागत की योजना है पर सोचने वाली बात है कि जहां से जल सप्लाई होता है वहां करीब डेढ़ वर्ष पहले बारिश में सतौआ डेम किनारे से बह गया पानी नही रूक सका जिससे व्यवस्था लड़खड़ाई थी वही डेम की मरम्मत कार्य का निविदा सूचना व ठेका करीब 6-8 महीने पहले हो गया पर अभी तक काम शुरू नही मतलब जिम्मेदार जनप्रतिनिधि व अधिकारियों को जल सप्लाई जैसी समस्या को गंभीरता से नही लिया जा रहा है वही अगर नगर परिषद की निष्पक्ष एजेंसी द्वारा जांच कराई जाए तो योजना जबसे शुरू हुई रखरखाव पर हर महीने लाखों रूपए खर्च किए गए पर जहां ध्यान देना था वहां लापरवाही की गई जिससे नगर की जनता पानी के लिए परेशान हो रही है जबकि इससे नगर से अच्छी व्यवस्था ग्रामीण क्षेत्र में बनी हुई है जहां योजना संचालित है जल मूलभूत सुविधाओं में होने के बाद भी सुचारू ढंग से व्यवस्था नही बन पाना कही ना कही जनप्रतिनिधियों का उदासीनता तो है। वही नगर के वार्डो में कई जगह एलडी खराब है पर सामग्री नही होने से सुधार कार्य नही हो पा रहा है साफ सफाई व्यवस्था भी सुचारू रूप से नही हो पाने से जगह जगह कचरें के ढेर लगें होने से गंदगी व बदबू से आमजन परेशान हैं लेकिन सोचने वाली बात है कि जिम्मेदार सभी अपने अपने में लगे पर जनता की समस्या से कोई सरोकार नही है। शासन प्रशासन से अपेक्षा है कि नगर की मूलभूत सुविधाओं का जनता को सुचारू रूप से लाभ मिलें ऐसे प्रयास होना चाहिए।

# गांव गांव में फैला तारों का मकड़जाल

### खतरे में नागरिकों की जान, विद्युत विभाग बेपरवाह

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बनवार

बिजली विभाग तारों के मकड़जाल में उलझा हुआ है। इससे निकलने का कोई तरीका विभाग को नहीं सूझ रहा है। घनी आबादी और भीड़-भाड़ वाले सड़को के किनारे फैले तारों के मकड़जाल से हादसों का अंदेशा बना रहता है। तमाम विद्युत लाइन भी नियमों को मुंह चिढ़ा रही हैं। नियमों को ताक पर रखकर एक ही विद्युत ट्रांसफार्मर से डारेक्ट लाइनें चल रही हैं। मकानों की दीवारों से छूते हुए तार गुजर रहे हैं। नंगे तारों की चपेट में आकर कई हादसे भी हो चुके हैं मगर विभाग का फिर भी इस ओर कोई ध्यान नहीं हैं। गांव में में तमाम लाइनें या तो नीचे झूल रही हैं या मानक के अनुरूप नहीं हैं। विभाग हादसों के बाद भी नहीं चेत रहा है। यह स्तिथि विद्युत वितरण केंद्र बनवार मुखालय से लेकर गांव गांव में बनी हुई है। पटना मानगढ़ ग्राम में तो विद्युत ट्रांसफार्मर से डायरेक्ट डोरी डालकर घरों तक बिजली कनेक्शन ले जाने के लिए लोगों ने मजबूरन घनी आबादी घरों के ऊपर से तारों का मकड़जाल फेला रखा है। वही जबेरा विद्युत वितरण केंद्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम चंडी चोपरा में पौंडी महुआ खेड़ा मुख्य चौराहे पर जहां से स्कूल ग्राम पंचायत मुख्यालय जाने का रास्ता है। वहां बिजली के तारों का मकड़जाल इस कदर फैला है। गर्मियों के मौसम में जरा सी भी स्पार्किंग से पूरा गांव आग की चपेट में आने का खतरा बना हुआ है। हालत तो इतनी बेहतर हैं की घरेलू कनेक्शन के लिए अलग से बिजली लाइन नहीं होने की वजह से ट्रांसफार्मर से डायरेक्ट डोरी लगाकर घरों तक बिजली ले जाने का जो खेल चल रहा है। उससे तो कभी कोई भी बड़ा हादसा घटित हो सकता है। गली-मोहल्लों में तारों के मकड़जाल नहीं हट सके हैं। इनमें आए दिन होने वाले फाल्ट से बिजली सप्लाई तो बाधित होती है। इसके अलावा जर्जर व झूलती हालत वाले तार हादसे का सबब बने हैं। फर्क सिर्फ इतना है कि इसका समाधान कराने में अफसर गंभीर नहीं है गांव गांव की गलियों मुहल्ले चौराहों में हालात काफी खराब हैं। बिजली के खंभों से बंधे झूलते तारों की बात करें तो ऐसा लगता है कि सिर पर मौत मंडरा रही है। जेई प्रभात दुबे का कहना जहां इस तरह की स्थिति है उसमे सुधार कार्य करवाया जा रहा और कार्य चालू है। गर्मी के मौसम को ध्यान में रखते हुए तारो के फैले मकड़जाल को खत्म किया जायेगा।

